संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े ........

31 दिसंबर 2024, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 93

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## राज्य में पांच डिग्री तक गिरेगा तापमान, बढ़ेगी ठंड

**रांची ।** झारखंड में पिछले कुछ दिनों की बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार साल के अंत और नए साल की शुरुआत में राज्य में ठंड बढ़ने की संभावना है। अगले 1-2 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है।

## पंजाब में किसानों के बंद का व्यापक असर, रेलवे ने कुल 221 ट्रेनों को रद्द किया

### सड़कें खाली, रेलवे स्टेशन सूने पड़े



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पंजाब में सोमवार को किसानों के बंद का व्यापक असर दिखाई दे रहा है। चंडीगढ़ जैसे शहर में बंद को कोई खास असर नहीं है, लेकिन जालंधर, लुधियाना, पठानकोट, मोहाली, होशियारपुर और बठिंडा जैसे इलाकों में बाजार बंद हैं। हालात ये हैं कि सड़कें खाली हैं और रेलवे स्टेशन सूने पड़े हैं। किसानों ने रेल रोको अभियान भी छेड़ रखा है। इसकारण रेलवे ने पंजाब होकर आने-जाने वाली कुल 221 ट्रेनों को सोमवार को रद्द किया है। इसमें से तमाम ट्रेनों का संचालन जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के लिए भी होता है। वहीं जम्मू तवी से चलकर यूपी, बिहार सहित देश के कई राज्यों में जाने और आने वालीं लंबी दूरी की ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है। शताब्दी एक्सप्रेस, वंदे भारत जैसी ट्रेनें भी रद्द वाली रेलों में शुमार हैं।

पंजाब में सिर्फ आपातकालीन सेवाओं का संचालन हो रहा है। हालांकि शाम 4 बजे के बाद हालात सामान्य होने की बात की जा रही है। यह बंद किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की भूख हड़ताल के समर्थन में बुलाया गया है, जो कई दिनों से अनशन पर हैं और अब उनकी तबीयत भी गंभीर है। किसान नेता डल्लेवाल का कहना है कि मोदी सरकार को एमएसपी कानून लाना चाहिए और जब तक उसके बारे में ऐलान नहीं होता, तब तक वह अनशन करता रहूंगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को आदेश दिया है कि वह डल्लेवाल को जबरदस्ती ही सही, लेकिन अस्पताल ले जाकर इलाज कराए।

वहीं शंभू बॉर्डर पर डटे किसान दिल्ली आना चाहते थे, जिसकी मंजूरी नहीं मिली थी। इस बीच डल्लेवाल ने भूख हड़ताल ही शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के ज्यादातर नेशनल हाईवेज पर सुबह से ही सन्नाटा पसरा है। वाहन नहीं दिख रहे हैं और लोग आज बड़ी संख्या में नौकरियों पर भी नहीं निकले। दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा आदि से हिमाचल और जम्मू-कश्मीर जाने वाले निजी वाहन ही राजमार्गों पर दिख रहे हैं। किसान संगठनों के प्रतिनिधि सुबह ही निकल गए और दुकानें बंद कराते दिखाई दिए।

## इको टूरिज्म के विकास के लिए कार्य योजना बनाएं अधिकारी : सीएम



संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को राज्य में इको टूरिज्म के विकास के लिए एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने झारखंड मंत्रालय में मुख्य सचिव अलका तिवारी, वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी एवं पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार के साथ राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं एवं उन्हें विकसित करने निमित्त बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में इको टूरिज्म को इस प्रकार विकसित किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ प्रकृति को भी संरक्षित रखा जा सके। सोरेन ने कहा कि वन पर्यावरण विभाग एवं पर्यटन विभाग एक बेहतर समन्वय के साथ इको टूरिज्म के विकास के लिए झारखंड के उन स्थानों को चिन्हित करने का कार्य करे, जहां इको टूरिज्म की संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इको टूरिज्म को बढ़ावा देने से झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता को देश और दुनिया में एक अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश के अन्य राज्यों या दूसरे देशों में जहां इको टूरिज्म के क्षेत्र में अच्छे कार्य हुए हैं वहां के इको टूरिज्म मॉडल का अध्ययन करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर झारखंड को पहचान देने के उद्देश्य से वन विभाग एवं पर्यटन विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इको टूरिज्म विकसित हो, इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इको टूरिज्म के विकसित होने से झारखंड की प्रकृति धरोहरों को संरक्षित रखा जा सकेगा।

### संक्षिप्त खबरें

#### सरकारी स्कूलों में एक से पांच जनवरी तक शीतकालीन अवकाश

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के सरकारी तथा सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) स्कूलों के लिए वर्ष 2025 की एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका जारी की है। यह अवकाश तालिका सभी श्रेणी के स्कूलों अर्थात प्राथमिक, माध्यमिक तथा प्लस टू स्कूलों में लागू होगी। इसके तहत स्कूलों में वर्ष 2025 में 60 दिनों का अवकाश रहेगा। इनमें पांच दिनों के वैसे अवकाश भी सम्मिलित हैं, जो स्थानीय स्तर पर वहां के पर्व त्योहार या अन्य आवश्यकता को ध्यान में रखकर जिला स्तर पर तय किए जाएंगे। यह अवकाश तालिका आवासीय स्कूलों पर लागू नहीं होगी। वहीं, 22 मई से दो जून तक ग्रीष्माकालीन अवकाश रहेगा। इसके बाद 28 दिसंबर से 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा।

#### जजों की नियुक्ति में परिवारवाद पर रोक लगाने का कॉलेजियम कर रहा विचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ऐसे प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, जो न्यायपालिका में पारदर्शिता और समानता तय करने की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है। इस प्रस्ताव में मौजूदा या पूर्व संवैधानिक कोर्ट के जजों के परिवार के सदस्यों को उच्च न्यायालय के जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश को रोकने की बात की जा रही है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि आम धारणा है कि इन वकीलों को पहली पीढ़ी के वकीलों की तुलना में प्राथमिकता दी जाती है। यह प्रस्ताव न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की कोशिशों का हिस्सा है, जो सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम प्रणाली पर बार-बार उठ रहे सवालों को दूर कर सकता है।

#### वितुल कुमार बने सीआरपीएफ के महानिदेशक

**नई दिल्ली ।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वितुल कुमार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक का कार्यभार संभालेंगे। सीआरपीएफ के वर्तमान महानिदेशक अनीश दयाल सिंह मंगलवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी कुमार वर्तमान में सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये
santalexpress.com
पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें............

## रांची में कैशियर से दिनदहाड़े 13 लाख की लूट, विरोध करने पर एक को मारी गोली




संवाददाता

**रांची ।** राजधानी रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में सोमवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े एक कैशियर से 13 लाख रुपये लूट लिए। लूट की घटना का विरोध करने पर एक होटल मैनेजर को गोली मार दी। होटल मैनेजर का नाम सुमित कुमार बताया गया है। वह होटल लोटस के मैनेजर बताये जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, आशीर्वाद आटा के कैशियर सुमित कुमार गुप्ता आईसीआईसीआई बैंक में 13 लाख रुपये जमा करने पहुंचे थे। इसी दौरान तीन की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने मारपीट कर और हथियार का भय दिखाकर रुपये लूट लिये। सभी बदमास मुंह पर रुमाल बांधे हुए थे। बैग में 13 लाख रुपये थे। इसी बीच होटल लोटस के मैनेजर सुमित वहां पहुंच गये और हथियारबंद बदमाशों से भिड़ गये। इसी दौरान बदमाशों ने होटल के मैनेजर सुमित को गोली मार दी। उन्हें रिम्स भेजा गया है।

ओपी के सब-इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। आरोपित जल्द पकड़े जायेंगे। नाकेबंदी कर छापेमारी की जा रही है।

## हजारीबाग सदर एसडीओ का तबादला, पत्नी को जलाकर मारने का है आरोप



संवाददाता

**रांची ।** हजारीबाग जिले के सदर एसडीओ का सरकार ने तबादला कर दिया है। इस संबंध में सोमवार को कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। उन्हें प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एसडीओ पर पत्नी अनिता कुमारी को जलाकर मारने का आरोप लगा है। सदर एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास में ही उनकी पत्नी आग लगने से झुलस गई थीं। आनन-फानन में हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में उन्हें लाया गया। वहां से बोकारो रेफर किया गया। बोकारो से रांची के देवकमल अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान अनीता देवी की मौत हो गई। घटना के बाद ही अशोक कुमार के ससुराल वालों ने उन पर और उनके परिवार वालों के पर षड्यंत्र कर हत्या करने का आरोप लगाया था। इसके बाद से इस मामले ने हजारीबाग में काफी तूल पकड़ लिया है।

### एसडीओ के विरुद्ध एसआईटी टीम गठित

**हजारीबाग ।** हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार पर लोहसिंघना थाना में हत्या का मामला दर्ज करते ही एसआईटी टीम गठित किया गया है। सोमवार शाम पुलिस की टीम ने उनके सरकारी आवास पर जाकर गहन जांच किया। टीम में अमित आंनद,नंदकिशोर साह, संदीप कुमार,सुनील कुमार मेहता,विपिन कुमार, राहुल कुमार का नाम शामिल है।

उल्लेखनीय हो कि लोहसिंघना थाना में कांड सं या 235/24 के तहत पत्नी अनिता कुमारी को जलाकर मारने का मामला दर्ज किया गया है। एसडीओ अशोक कुमार पर उनके साला राजू साव ने अपनी बहन को गत 26 दिसंबर की सुबह आग लगाकर जला देने का मामला दर्ज कराया था। काफी हंगामे के बाद प्रशासन हरकत में आई और कार्रवाई शुरू कर दी है।

## इसरो ने की अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन की सफल लॉन्चिंग



एजेंसी

**श्रीहरिकोटा ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार रात 10 बजे अपने स्पैडेक्स मिशन को लॉन्च किया। मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से लॉन्च किया गया। इसके लिए इसरो के पीएसएलवी-सी60 रॉकेट का इस्तेमाल किया गया है। इस मिशन की सफलता के बाद भारत दुनिया के चुनिंदा देशों अमेरिका, रूस और चीन के विशेष क्लब में शामिल हो जाएगा। इन देशों के पास ही अभी बाहरी अंतरिक्ष में दो अंतरिक्ष यान या उपग्रहों को डॉक (जोड़ने) और अनडॉक (अलग) की क्षमता है। यह इसरो का इस साल का आखिरी मिशन है। इसकी कामयाबी भारतीय अंतरिक्ष केंद्र और मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए अहम साबित होगी।

इसरो के अनुसार, स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यान को डॉक (एक यान से दूसरे यान के जुड़ने) करने और अनडॉक (अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने) करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी का विकास और प्रदर्शन करना है। स्पैडेक्स मिशन पीएसएलवी की ओर से प्रक्षेपित दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग कर अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन के लिए लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है। अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है।

## थाईलैंड के श्रद्धालुओं ने की बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना



संवाददाता

**दुमका ।** सोमवार को सोमवती अमावस्या पर थाईलैंड से भारत पहुंचे नौ श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में हाजिरी लगायी। विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा बासुकीनाथ के शिवलिंग पर चांदी का सर्प हार चढ़ाया। जिसे मंदिर के सुरक्षा गार्ड कपिलदेव पंडा, नंदकिशोर ठाकुर एवं गौतम राव ने बासुकीनाथ मंदिर कार्यालय में जमा करा दिया। थाईलैंड से आये तीर्थयात्रियों ने कहा कि वे बासुकीनाथ मंदिर में पहली बार पहुंचे हैं और उन्हें यहां पूजा अर्चना और आरती कर बहुत अच्छा लगा। वे जब भी भारत आयेंगे तो बासुकीनाथ मंदिर अवश्य आयेंगे। थाईलैंड से आये श्रद्धालुओं के साथ भारत के गाईड उत्तरप्रदेश से आये महेंद्र कुमार भी साथ थे और वे थाईलैंड के श्रद्धालुओं के साथ थाईलैंड की भाषा में बातचीत कर रहे थे।

## सरकार बनने पर पुजारियों और ग्रंथियों को मिलेगा 18 हजार रुपये महीना : केजरीवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करने का ऐलान किया। इसके तहत उन्होंने वादा किया कि दिल्ली में उनकी पार्टी के दोबारा चुने जाने पर हिंदू मंदिरों के पुजारियों और सिख गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा।

दिल्ली विधानसभा में आआपा के लिए लगातार चौथी बार चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस योजना के लिए कल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। मंगलवार को मैं खुद कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से इसकी शुरुआत करुंगा। उसके बाद दिल्ली के सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में भी इसे आगे बढ़ाया जाएगा। आआपा द्वारा यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब वह चुनावों में भाजपा और कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार कर रही है। केजरीवाल ने दोनों पार्टियों पर निशाना साधते हुए उनसे अन्य राज्यों में भी इसी तरह के कल्याणकारी उपायों को अपनाने का आग्रह किया।

केजरीवाल ने कहा कि हम जानते हैं कि पुजारी हमारी किस तरह सेवा करते हैं। चाहे हमारे बच्चे का जन्मदिन हो, शादी हो या किसी प्रियजन की मृत्यु, उन्होंने हमेशा हमें भगवान से जोड़ा है। ये वो तबका है जो सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी परम्पराओं और रीति-रिवाजों को आगे बढ़ाया लेकिन किसी ने उन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। यह देश में पहली बार हो रहा है। हमने राष्ट्रीय राजधानी में कई ऐसे काम किए हैं जो पहली बार हुए हैं। हमने स्कूलों और अस्पतालों में सुधार किया और महिलाओं के लिए बस यात्रा की सुविधा दी। मुझे उम्मीद है कि भाजपा और कांग्रेस सरकारें इससे सीख लेंगी और जहां उनकी सरकारें हैं, उन राज्यों में ऐसी योजनाओं को लागू करेंगी।

## गांधी मैदान में छात्र संसद आयोजित करने का मामला : पीके सहित 21 नामजद, करीब 700 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा




एजेंसी

**पटना ।** छात्रों को उकसाने और कानून-व्यवस्था भंग करने के आरोप में जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर और पार्टी अध्यक्ष मनोज भारती सहित कुल 21 नामजद और 600-700 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।


पटना प्रशासन द्वारा बीती देर रात जारी जानकारी के मुताबिक जनसुराज पार्टी द्वारा गांधी मैदान, गांधी मूर्ति के सामने छात्र संसद के आयोजन के लिए स्वीकृति मांगी गई थी जिसे जिला प्रशासन ने अस्वीकृत करते हुए आवेदक को सूचित कर दिया था। इसके बावजूद 29 दिसम्बर को देर शाम इस पार्टी (जनसुराज) ने गांधी मूर्ति के समीप अनधिकृत रूप से लोगों की भीड़ इकट्ठा कर उन्हें उकसाया तथा विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न की गई। इनके द्वारा प्रदर्शनकारियों के साथ जेपी गोलंबर तक बिना अनुमति के जुलूस निकाला गया तथा सड़क जाम कर दिया गया। वहां दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की की गई। इन लोगों द्वारा भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा लगाए गए लाउड स्पीकर को भी क्षतिग्रस्त किया गया। उनलोगों द्वारा मुख्य सचिव को ज्ञापन देने के लिए पांच लोगों का डेलीगेशन भेजने की बात की गई, परंतु आपसी सहमति नहीं बनने के कारण लोगों का नाम भी नहीं दिया गया। अंत में लगभग 100 की संख्या में लोग जेपी गोलंबर से हटने को तैयार नहीं थे।

### बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में लेफ्ट-राजद ने रोकी ट्रेनें



**पटना ।** बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द करने की मांग पर आंदोलनरत अभ्यर्थियों का प्रदर्शन 13 दिन से चल रहा है। पुन-परीक्षा की मांग को लेकर यह अभ्यर्थी धरना दे रहे हैं। अभ्यर्थियों के समर्थन में अब लेफ्ट और राजद के कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर ट्रेनों को रोक दिया और सड़क जाम कर सोमवार को अभ्यर्थियों के समर्थन में अब लेफ्ट और राजद के कार्यकर्ताओं ने आरा और दरभंगा में ट्रेनों के परिचालन प्रभावित किया है। इंजन पर खड़े होकर छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एग्जाम दोबारा कराने की मांग की रेलवे ट्रेक पर राजद और लेफ्ट के कार्यकार्ताओं के प्रदर्शन के चलते जयनगर से नई दिल्ली की ओर जाने वाली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 1 घंटे तक रुकी रही।

## रामगढ़ में तीन करोड़ का डोडा जब्त



संवाददाता

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले की मांडू थाना पुलिस ने सोमवार को एक ट्रक से 102 बोरिया में करीब 19 क्विंटल 26 किलो डोडा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार इसकी कीमत करीब तीन करोड़ रूपये है। इस डोडा को ट्रक में लोडकर हजारीबाग की ओर से रामगढ़ की ओर ले जाया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार मांडू पुलिस को सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि ट्रक ( पीबी23टी / 1707) में भारी संख्या में डोडा लदा हुआ है। वह रामगढ़ की ओर जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही गश्ती में तैनात एएसआई दिलीप कुमार पासवान ने उक्त वाहन को पीछा किया। वाहन को पीछा करते देख चालक चालाकी करते हुए वाहन को हेसागढ़ा स्थित पेट्रोल पंप खड़ा कर दिया और नौ दो ग्यारह हो गया। बाद में पुलिस इसकी सूचना जिला मुख्यालय को दिया। हेसागढ़ा स्थित पेट्रोल पंप में जब्त हुए करोड़ों रुपये मूल्य का डोडा को वजन कराया गया। पुलिस के मौजूदगी में सभी बोरियों का वजन किया गया। डोडा जब्त मामले में ट्रक चालक चालाकी दिखाते हुए हेसागढ़ा स्थित पेट्रोल पंप में वाहन को खड़ा किया और वहां से भाग निकला।

# झारखंड में अब एक एकड़ से कम वाले निजी तालाबों का भी होगा जीर्णोद्धार : मंत्री शिल्पी

संवाददाता

रांची । झारखंड में अब एक एकड़ से कम में बने निजी तालाबों का भी सरकार जीर्णोद्धार कराएगी। अगले वित्तीय वर्ष में निजी तालाब को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अब तालाब के जीर्णोद्धार के दौरान एक तरफ से सीढ़ी का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके निर्देश कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को कांके कृषि भवन के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। वर्तमान में निजी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए कम से कम एक एकड़ और अधिक से अधिक पांच एकड़ वाले तालाब की योजना चल रही है। इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों के छोटे तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है। मंत्री ने विभाग के जरिये आने वाले समय में सब्जियों के एमएसपी तय करने की दिशा में काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि फूल गोभी या पत्ता गोभी जैसी सब्जियों का दर दूसरे राज्य के व्यापारी आकर कम कर रहे हैं। इससे स्थानीय किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि भवन में कर्मियों और अधिकारियों के छुट्टी पर चले जाने को लेकर नाराज दिखी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस से लेकर नये साल या दूसरे पर्व त्योहार मनाना जरूरी है लेकिन इसका काम पर असर नहीं पड़े, इसका ध्यान रखना चाहिए। आज जब मैं यहां पहुंची हूं तो 50 प्रतिशत कर्मी और अधिकारी 15 से 20 दिन के अवकाश पर हैं। झारखंड में पहले से ही सरकारी कर्मियों की कार्य संस्कृति गड़बड़ रही है। इसमें सुधार जरूरी है और ऐसा करके हम विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट राशि को खर्च करने के साथ-साथ अगले वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी में सभी को जुट जाना होगा। इस दौरान जैविक खेती को लेकर दी गई जानकारी पर भी मंत्री आश्चर्य चकित दिखी। उन्होंने कहा कि इसके बारे में कितने लोग जानते हैं। पैकेजिंग, शॉर्टिंग और ग्रेडिंग को लेकर मंत्री ने जेएसएलपीएस के पलाश ब्रांड का उदाहरण दिया। तिर्की ने कहा कि जब दूसरे विभाग के जरिये ये किया जा सकता है तो यहां क्यों नहीं। उद्यान विभाग के द्वारा 27 एकड़ में बनाए जाने वाले हाई टेक नर्सरी में स्थानीय दो से तीन हजार ग्रामीणों को रोजगार देने का भी निर्देश मंत्री ने दिया। उन्होंने कहा कि लोग रोजगार के लिए दूसरे जगह पलायन करते हैं। ऐसे में हाई टेक नर्सरी से उनके रोजगार को सुनिश्चित कर पलायन को रोका जा सकता है।



## गढ़वा विधायक पर एफआइआर, 35 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप

संवाददाता

पलामू । गढ़वा के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर मेराल थाने में एफआईआर दर्ज कराने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। विधायक के अलावा तीसरटेटुका के मुखिया पति जगजीवन राम के विरुद्ध संजय कुमार चौबे ने कथित गाली गलौज करने, धमकी देने और 35 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप भी एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। संजय चौबे की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पेशका ऑफिस से बघेसर तक सड़क निर्माण कार्य करा रहे हैं। 27 दिसंबर की दोपहर लगभग ढाई बजे तीसरटेटुका पंचायत के मुखिया पति जगजीवन राम के मोबाइल से उनके पास फोन आया और वे पूछने लगे कि सीमेंट कम्पनी और विभाग से कोई जांच के लिए कोई आया था या नहीं? उनके हां कहने और आगे बातचीत होने के क्रम में गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, जो संभवतः उनकी बातें सुन रहे थे, उन्होंने फोन अपने हाथ में लेकर उन्हें गंदी गंदी गाली देने लगे और काम बंद करने की धमकी भी दी।

संजय चौबे ने लिखा है कि पूर्व में भी विधायक सतेन्द्र नाथ तिवारी ने तीसरटेटुका मुखिया पति जगजीवन राम से बात करने के लिए कहा था। जगजीवन राम ने मुझसे मेरे जरिये बनाए जा रहे पेशका से बघेसर स्कूल तक रोड निर्माण कार्य का टेंडर राशि करीब सात करोड़ रूपये का पांच प्रतिशत यानी 35 लाख रूपये बतौर रंगदारी विधायक के पास जमा करने को कहा और मेरे मना करने पर सड़क निर्माण काम रोक देने और नहीं रोकने पर बर्बाद करने की धमकी दी थी। विधायक की ओर से काम बंद करने की धमकी मिलने पर मैं सड़क निर्माण कार्य बंद कर दिया था। जगजीवन राम ने कई बार विधायक के नाम पर 35 लाख रूपये का डिमांड किया था। विधायक की ओर से पुनः फोन पर धमकी और गाली सुनकर मैं पूरी तरह टूट चुका हूं। मैं तथा मेरे परिवार के सभी सदस्य काफी अपमानित और डरा हुआ महसूस कर रहें हैं और दशहत में जी रहे हैं। इस अपमान और भयादोहन से तंग आकर मेरे दिमाग में कई बार आत्महत्या करने का विचार आ रहा है, क्योंकि इस समय मैं बड़े कर्ज में डूबा हुआ हूं।

## झारखंड में हर दिन औसतन पांच लोगों की हो रही हत्या बाबूलाल मरांडी



रांची । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की गिरती कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि झारखंड में प्रतिदिन औसतन पांच लोगों की हत्या हो रही है। मरांडी ने राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) के आंकड़ों के हवाले से लिखा है कि इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक के बीच 1400 लोगों की हत्या की जा चुकी है। इस दौरान सिर्फ आमलोग ही नहीं, बल्कि पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता और जनप्रतिनिधि भी असमय मौत के घाट उतार दिए गए हैं। झारखंड में अपराध का ग्राफ चिंताजनक रूप से ऊपर चढ़ रहा है। बाबूलाल ने लिखा है कि विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन मुख्यमंत्री नागरिकों की सुरक्षा में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि झारखंड में बढ़ता अपराध आमलोगों के जेहन में खौफ पैदा कर रहा है। यदि तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो राज्य की स्थिति और भयावह हो सकती है। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है।

## क्राइम सिटी बन गया रांची, जंगलराज की हुई वापसी : संजय सेठ



रांची । रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को राजधानी रांची में दिनदहाड़े लूट एवं युवक को गोली मारने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि आखिर रांची की पुलिस कर क्या रही है। रोज दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं। प्रशासन मौन है। जंगलराज की वापसी हो चुकी है। रांची क्राइम सिटी बन गयी है। सरकार को कोई मतलब नहीं। आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। सेठ ने कहा कि क्या सरकार, प्रशासन और अपराधियों का गठजोड़ चल रहा है। इन अपराधियों के सामने सरकार और प्रशासन पंगु बनी हुई है। उन्होंने कहा कि रांची में आज मर्डर हुआ यह खबर नहीं बनती। खबर यह बनती है कि रांची में आज मर्डर नहीं हुआ या कोई आपराधिक घटनाएं नहीं हुई। साथ ही कहा कि रांची में कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है। दिनदहाड़े पैसे लूट लिए जाते हैं। सभी थाने और अधिकारी बालू के अवैध धंधे में लिप्त हैं। पैसे की उगाई का खेल चल रहा है। जनता मर रही है और बाबू लोग मस्त हैं।सेठ ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सरकार और प्रशासन धैर्य की परीक्षा ना ले। सभी वर्गों में आक्रोश है। यदि सरकार और प्रशासन नहीं चेते तो इसका खामियाजा भुगतना होगा।


## एसडीओ रैंक के आठ आईएएस अधिकारियों को मिली प्रोन्नति

रांची । राज्य सरकार ने सब-डिविजनल ऑफिसर (एसडीओ) रैंक के आठ आईएएस अफसरों को सीनियर टाइम स्केल में प्रोन्नति दी है। प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में शताब्दी मजूमदार, उत्कर्ष कुमार, आशीष गंगवार, श्रीकांत यशवंत, ओमप्रकाश गुप्ता, सन्नी राज, अनिमेश रंजन और रिया सिंह शामिल हैं। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया है।

# खादी मेला में लाह की चुड़ियां, हैंगिंग बेल बाँस के फर्नीचर, हैंगिंग लाइट्स आकर्षण के केंद्र

संताल एक्सप्रेस संवाददाता।


रांची। झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के 11वें दिन लगभग 8,000 टिकट बिके एवं लगभग 10,000 लोगों ने खादी मेला का आंनद उठया। महोत्सव में पूर्व निर्धारित सभी आयोजन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहे परंतु महोत्सव घूमने के लिए आगंतुकों में उत्साह की कोई कमी नहीं दिखी। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के स्टाल में लाह की चूड़ियां, हैंगिंग बेल, प्राचीन व्यंजन जुट के बैग, बाँस के फर्नीचर, हैंगिंग लाइट्स, इत्यादि के स्टाल में भारी भीड़ देखी जा रही है




झारक्राफ्ट के स्टाल में तसर, घीचा, कटिया मेटेरियल ,साड़ियां, सूट पीस, रेडीमेड सूट और रॉ मैटेरियल , इत्यादि की बिक्री खूब हो रही है पलाश जे.एस.एल.पी.एस. के स्टालों में हस्त निर्मित आचार, गुड ,चूड़ा ,सोना चूर चावल, पापड़ ,बाजरा ,रागी, मड़वा आटा ,चावल के आटा, गृह सज्जा के समान, ज्वेलरी , झारखंडी परंपरागत परिधान जैसे शॉल, साड़ी , बंड़ी इत्यादि की काफी खरीदारी की जा रही है ।

आज महोत्सव में ट्रांसजेंडर ग्रुप द्वारा भ्रमण किया गयाद्य महोत्सव में घूम कर उन्हें बहुत अच्छा लगा उन्होंने जीवंत प्रदर्शनी की सराहना की द्य उन्होंने कहा कि रेशम के कीड़े से रेशमी वस्त्र बनने की प्रक्रिया देखना अद्भुत रहाद्य उन्होंने दोबारा महोत्सव घूमने की इच्छा जाहिर की मेला परिसर में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने के लिए निशुल्क ई रिक्शा की व्यवस्था की गई हैद्य महोत्सव परिसर में छोटे शिष्यों को स्तनपान कराने हेतु बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था होने से माता को बहुत सुविधा हुईद्य महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की भी व्यवस्था की गई हैद्य महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगिकी उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग 3 करोड़ रुपए की रही है ।

## बाबा मंदिर प्रभारी ने रूटलाईन, क्यू कॉम्पलेक्स आदि का किया निरीक्षण



देवघर संताल एक्सप्रेस । अनुमंडल पदाधिकारी देवघर सह बाबा मंदिर प्रभारी रवि कुमार द्वारा नव वर्ष के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं के हर संभव सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य-व्यवस्था को लेकर रुटलाईन, बाबा मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बाबा मंदिर में जलार्पण के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु क्यू कॉम्प्लेक्स के हॉलों में स्पाईरल की व्यवस्था, सभी शौचालय की सफाई, शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया।इसके अलावे बाबा मंदिर प्रांगण में एलईडी स्क्रीन के संचालन, साफ-सफाई, सुरक्षा-व्यवस्था, सुलभ जलार्पण को लेकर दण्डाधिकारियों व पुलिस प्रतिनियुक्ति के साथ मंदिर प्रांगण व आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता एवं अन्य सुरक्षा मानकों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही शीघ्र दर्शनम कूपन की सुचारू व सुदृढ़ व्यवस्था के अलावा श्रद्धालुओं के सुगम जलार्पण को लेकर किए जाने वाले कार्यों से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया।इस दौरान उपरोक्त के अलावे जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, सहायक मंदिर प्रभारी संतोष कुमार व संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## लोन माफ कराने के लिए दोस्तों के साथ मिलकर की पत्नी की हत्या, तीन गिरफ्तार



कोडरमा । वाहन का लोन माफ कराने के लिए दोस्तों के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी और इसे सड़क हादसे का रूप दे दिया। मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में कृष्ण यादव , मोहम्मद मिनहाज अंसारी और मोहम्मद सरफराज अंसारी को गिरफ्तार करते हुए एक बलेनो कार, एक टीवीएस मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह ने सोमवार शाम को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि पांच दिसंबर को कोडरमा थाना में एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अनुसंधान के क्रम में महिला की हत्या करने का मामला सामने आया था। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और कोडरमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा महिला के पति कृष्ण यादव से पूछताछ करने पर यह बात सामने आई कि मृतका एवं उसके पति के बीच शादी के बाद से ही विवाद चल आ रहा था। कृष्णा यादव ने अपनी पत्नी के नाम पर चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन एवं एक समूह लोन लिया था। इसका किशत वह जमा नहीं कर पा रहा था। इस पर कृष्ण यादव के दोस्तों ने सलाह दिया कि यदि उसकी पत्नी की मौत हो जाती है तो सभी लोन माफ हो जाएगा।

## भाकपा माओवादी का नक्सली दो अत्याधुनिक हथियार के साथ गिरफ्तार



लातेहार संवाददाता । लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु जंगल के पास छापेमारी अभियान चलाकर भाकपा माओवादी नक्सली चंद्रदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस दौरान दो अत्यधिक एके-47 राइफल, 91 गोलियां सहित अन्य सामान भी बरामद किया है। गिरफ्तार नक्सली चंद्रदेव सिंह मनिका थाना क्षेत्र के कुई गांव का रहने वाला है। गिरफ्तार नक्सली चंद्रदेव सिंह माओवादी कमांडर छोटू खरवार की हत्याकांड का भी अभियुक्त है। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि माओवादियों का एक दस्ता मनिका थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में किसी घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील है। सूचना के बाद डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित की गई और नक्सलियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाई गई। हालांकि पुलिस को आता देखकर नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भागने लगे। भागने के क्रम में ही पुलिस ने चंद्र देव सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में सर्च अभियान चलाया गया तो घटनास्थल से दो एके-47 राइफल, 91 गोलियां सहित अन्य सामान भी बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी चंद्रदेव सिंह पर लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में छह से अधिक मामले दर्ज हैं। माओवादी कमांडर छोटू खरवार हत्याकांड में भी यह मुख्य रूप से शामिल था।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मैन पॉवर की कमी तीन दिनों में दूर करें : वित्त मंत्री



पलामू । संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सोमवार को मेदिनीनगर के सर्किट हाउस में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को लेकर हुई बैठक में सफाई को लेकर विशेष रूप से चर्चा की। पाया गया कि 300 बेड वाले एमआरएमसीएच में 135 सफाई कर्मियों को तीन शिफ्ट में लगाना है लेकिन यहां मात्र 51 कर्मी ही कार्यरत हैं। दिसंबर 2024 तक 47 कर्मियों की ही हाजिरी बनी हुई पाई गई। इसके बाद मंत्री मैनपॉवर देने वाली कंपनी बालाजी पर भड़क गए और उन्होंने तीन दिनों के भीतर सरकार के एग्रीमेंट के अनुसार 135 कर्मियों को एमआरएमसीएच में लगाने का निर्देश दिया। मंत्री ने यह भी कहा कि एक जनवरी से सारे कर्मियों की अटेंडेंस बायोमेट्रिक बनेगी और उसके अनुसार भुगतान किया जाएगा। जो 47 कर्मी पाए गए, उन्हें भी उचित मजदूरी नहीं मिल रही है। इस मामले में श्रम अधीक्षक को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री ने कुछ दिन पहले एमआरएमसीएच का औचक निरीक्षण किया था और कई मामलों में सुधार करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था। इसी के आलोक में मंत्री ने जिले के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डॉक्टर आरके रंजन, एमआरएमसीएच के प्रिंसिपल, नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन, एडिशनल कलेक्टर, श्रम अधीक्षक और बालाजी कंपनी के सुपरवाइजर के साथ बैठक की। मंत्री ने यह भी कहा कि बैठक के दौरान सामने आया कि जून 2024 से आयुष्मान में भुगतान नहीं हो पाया है। इस कारण आयुष्मान के रोगियों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। रांची जाकर आयुष्मान के अधिकारियों से बात की जाएगी और एक सप्ताह के भीतर भुगतान करने की कोशिश होगी, ताकि आयुष्मान कार्ड के आधार पर इलाज कराने वाले रोगियों को आर्थिक लाभ मिल सके।

## एकतरफा प्रेम में लड़की का अपहरण करने का प्रयास, छह गिरफ्तार

कोडरमा । एकतरफा प्रेम में लड़की का अपहरण करने के प्रयास में छह लोग गिरफ्तार किये गये हैं। साथ ही देसी कट्टा और गोली बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सोमवार को बताया कि 29 दिसंबर को उन्हें सूचना मिली थी कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के गगरेसिंगा में हथियार के बल पर एक लड़की का अपहरण करने का प्रयास किया गया है। इस मामले में मरकच्चो थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो वाहन से भाग रहे छह अपराधियों को पकड़ा गया। पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ करने पर मामला एक तरफा प्रेम प्रसंग का पाया गया। अपराधी के जरिये हथियार के बल पर लड़की का अपहरण कर शादी करना चाह रहे थे। जबकि अपराधी पूर्व से शादीशुदा है एवं उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई है। मुख्य अपराधकर्मी मनोज कुमार सिन्हा पीड़िता की दीदी का देवर है। पकड़े गए अपराधी दीपू कुमार सिन्हा के पास से एक जिंदा गोली, मनोज कुमार सिन्हा के पास से दो चिली पाउडर स्प्रे एवं पकड़े गए अपराधियों के निशानदेही पर एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस के जरिये गिरिडीह के देवरी निवासी मनोज कुमार सिन्हा, गिरिडीह के गांवा निवासी अभय कुमार, बिहार के नालंदा निवासी चंदन कुमार , दीपू कुमार सिन्हा, अमित राज , रितिक कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, एक स्कॉर्पियो पांच मोबाइल और रेड चिल्ली स्प्रे की दो बोतल बरामद किया है।

## भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

पलामू । नव वर्ष पर शराब के अवैध व्यापार को देखते हुए उत्पाद विभाग की ओर से कार्रवाई तेज की गई है। इसी क्रम में पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद किया गया है। विभाग ने छापेमारी कर 45.810 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद करते हुए इस गोरख धंधे में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि दो फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तार आरोपित की पहचान मनातू बाजार निवासी पवन कुमार गुप्ता (28) के रूप में हुई है। जबकि फरार आरोपित प्रिंस कुमार और मनीष कुमार शामिल हैं। उत्पाद विभाग की ओर से सोमवार सुबह बताया गया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के मनातू बाजार में मनीष कुमार एवं पवन कुमार गुप्ता के घर पर नकली शराब तैयार की जा रही है और उसे नव वर्ष के मौके पर खपाने की तैयारी है।

## पटना व मुजफ्फरपुर रेलवे भर्ती बोर्ड में विभिन्न पदों के लिए परीक्षा संपन्न

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हाजीपुर । 30.12.2024 रेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न पदों हेतु इस वर्ष कुल 08 केंद्रीयकृत रोजगार सूचनाओं का प्रकाशन किया गया है इनमें से 04 केंद्रीयकृत रोजगार सूचनाओं के अंतर्गत सहायक लोको पायलट, अवर निरीक्षक (रेल सुरक्षा बल), जूनियर इंजिनियर एवं तकनीशियन पदों के लिए 25 नवम्बर, 2024 से 30 दिसंबर, 2024 तक विभिन्न तिथियों में रेलवे भर्ती बोर्ड, पटना के क्षेत्राधिकार आरा एवं पटना में 34 परीक्षा केंद्रों एवं रेलवे भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर के क्षेत्राधिकार मुजफ्फरपुर, दरभंगा एवं समस्तीपुर में 6 परीक्षा केंद्रों पर कुल 22 दिनों एवं 66 पालियों मे परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । कंप्यूटर आधारित टेस्ट का सफ़लतापूर्वक आयोजन श्री सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर एवं पटना के नेतृत्व में संपन्न हुआ द्व इस कंप्यूटर आधारित टेस्ट (ष्ट्वक्क्ष्) में रेलवे भर्ती बोर्ड, पटना एवं मुजफ्फरपुर के क्षेत्राधिकार में सहायक लोको पायलट के 137124 अभ्यर्थी, अवर निरीक्षक (रेल सुरक्षा बल) के 93548 अभ्यर्थी, जूनियर इंजिनियर के 75339 अभ्यर्थी एवं तकनीशियन ग्रेड-द्ध एवं ग्रेड-द्धद्धद्ध पदों के लिए 2,27,319 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। उक्त परीक्षाओं में कुल 7,50,107 (सात लाख पचास हजार एक सौ सात) निर्धारित अभ्यर्थियों में से सम्मिलित हुए अभ्यर्थियों की संख्या 5,33,330 (पाँच लाख तैंतीस हजार तीन सौ तीस) रही जो की लगभग 71 प्रतिशत है द्व कंप्यूटर आधारित टेस्ट के सफल संचालन में मुख्य रूप से पूर्व मध्य रेलवे से क्षेत्रीय समन्वयक, अतिरिक्त क्षेत्रीय समन्वयक, क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्र समन्वयक, रेल सुरक्षा बल और रेलवे पर्यवेक्षक, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का अहम् योगदान रहा द्व परीक्षा संचालन मे प्रतिदिन 350 से ज्यादा पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी विशेष योगदान रहा है ।कंप्यूटर आधारित टेस्ट के दौरान कदाचार को रोकने और पारदर्शिता बनाये रखने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर राज्य सरकार द्वारा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी एवं सभी आवश्यक कदम उठाये गए थे

## सीएमपीडीआई में सीएसआर पर कार्यशाला का आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रांची । सोमवार को सीएमपीडीआई द्वारा पिछले दशक में की गयी निगमित सामाजिक दायित्व ;सीएसआर के प्रभाव की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रोएक्टिव सीएसआर हमें संभावित सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में पीएसयू की सार्वजनिक धारणा को मजबूत करने में मददगार साबित हो सकता है। यह सकारात्मक छवि प्रतिभा को आकर्षित कर सकती है तथा हितधारकों के साथ रिश्ते मजबूत कर सकती है। सीएमडी मनोज कुमार ने कहा कि एक जिम्मेदार कॉरपोरेट के रूप में सीएमपीडीआई को सामुदायिक विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदार होने और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए सीएसआर परियोजनाओं की समय पर पहचान और अनुमोदन की आवश्यकता है।

## वंदे भारत और पलामू एक्सप्रेस के टाइम टेबल में बदलाव

पलामू । साल 2025 के पहले दिन से ही पूर्व मध्य रेलवे के आठ वंदे भारत, 14 एक्सप्रेस और 9 पैसेंजर ट्रेन के टाइमिंग में बदलाव देखने को मिलेगा। पलामू के रास्ते पटना जाने वाली ट्रेन नंबर 21893 वंदे भारत और ट्रेन नंबर 13347 पलामू एक्सप्रेस के समय में थोड़ा परिवर्तन किया गया है। वंदे भारत एक्सप्रेस पटना जाने के लिए अपने पूर्व निर्धारित समय पर टाटानगर से खुलेगी। रास्ते में पड़ने वाले गढ़वा रोड और गया स्टेशन पर इसके पहुंचने और खुलने का समय बदल गया है। दोनों स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन पहले की अपेक्षा पांच मिनट पहले पहुंचेगी और खुलेगी। गढ़वा रोड स्टेशन पर वंदे भारत के पहुंचने का नया समय 11.45 बजे और खुलने का 11.50 बजे निर्धारित किया गया है। पहले इस स्टेशन पर इसके आने का समय 11.50 बजे और जाने का 11.55 बजे था। गया स्टेशन में वंदे भारत 14.25 बजे पहुंचेगी और 14.30 बजे में पटना के लिए रवाना हो जाएगी। गया में इसका पुराना टाइमिंग 14.30 बजे में आना और 14.35 बजे में जाना था। पटना से वापस टाटानगर जाने में ट्रेन संख्या 21894 वंदे भारत पहले के मुकाबले पांच मिनट पहले गया स्टेशन पहुंचेगी। नया समय 14.35 बजे में आना और 14.40 बजे में जाना निर्धारित हुआ है। बरकाकाना से पटना जाने वाले ट्रेन संख्या 13347 का समय गढ़वा रोड और गया में बदला गया है। गढ़वा रोड में यह देर रात 1.50 बजे पहुंचेगी और 1.55 बजे खुल जाएगी, जबकि पहले यहां पलामू एक्सप्रेस दस मिनट 1.50 बजे से 2 बजे तक रुकती थी। इसके रुकने के समय में पांच मिनट की कटौती की गई है। गया में भी पांच मिनट स्टॉपेज कम किया गया है। पलामू एक्सप्रेस गया में सुबह 6.35 बजे खुलकर 6.40 बजे पटना के लिए रवाना होगी। जबकि पहले 6.35 बजे आकर 6.45 बजे गंतव्य के लिए जाती थी।

## नववर्ष को देखते हुए वाहन जांच तेज

पलामू । नववर्ष को देखते हुए डालटनगंज के कचहरी और रेडमा चौक के पास सोमवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। चार एवं दो पहिया वाहनों की जांच की गयी। ब्रेथ एनेलाइजर मशीन से शराब पीने वाले चालकों की जांच की गयी, जिसमें एक दोपहिया वाहन चालक शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़ा गया।

## पुलिस दमन के खिलाफ माले का प्रदर्शन




पलामू । पलामू जिले में दलितों के ऊपर पुलिस उत्पीड़न की घटनाओं के खिलाफ भाकपा माले और दिहाड़ी मजदूर यूनियन के बैनर तले उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सोमवार को धरना प्रदर्शन किया गया। 28 नवंबर 24 को पाटन थाना अंतर्गत सगुना गांव में उसी गांव की दलित फूला देवी के साथ होंडा शोरूम कंपनी से लेनदेन के विवाद में थाना प्रभारी दलित महिलाओं को बेरहमी से लाठियों से पिटाई की और दो दलित नौजवानों को झूठे केस में जेल भेज दिया। दूसरी घटना पांडू थाना अंतर्गत कजरू कला गांव की है, जहां दलित परिवार और पांडे परिवार के बीच भूमि विवाद में कोर्ट का फैसला पांडे परिवार के पक्ष में आ गया। पुलिस कोर्ट के फैसला की आड़ में दलितों पर बर्बर दमन किया और उनके घर को भी गिरा दिया। उन्हें बेदखल कर दिया गया। पुलिस इस बर्बर करतूत से न सिर्फ स्थानीय पुलिस प्रशासन का जनविरोधी चेहरा उजागर हुआ है, बल्कि अबुआ सरकार की छवि भी धूमिल हुई है। धरना के जरिए मुख्यमंत्री से मांग की गई कि पाटन और पांडु के दलितों को न्याय मिले, उन पर से झूठे केस वापस हों। पांडु और पाटन थाना प्रभारी को शीघ्र हटाया जाए। पांडु सीओ पर भी कानूनी कार्रवाई हो। प्रदर्शन में जिला कार्यकारी सचिव रविंद्र भुइयां, दिहाड़ी मजदूर यूनियन के नेता राजीव रंजन, त्रिलोकी नाथ, पांकी मध्य जिला परिषद् खुशबू कुमारी, पवन विश्वकर्मा, कपिल प्रजापति, प्रदीप विश्वकर्मा, गौतम, रामराज पासवान, बलराम राम, दिव्या भगत, अनीता देवी के आवले पीड़िता के परिजन मौजूद थे।

## जनवरी 21 को होगी फेरीघाट की बंदोबस्ती



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज जिला अपर समाहर्ता गौतम भगत ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी आदेशानुसार 25 दिसंबर से लंबे समय से बंद ओझटोली घाट से साहिबगंज मनिहारी फेरी सेवा को शुरू किया गया है।जो कि फिलहाल प्रशासन की देखरेख में चल रही है।लेकिन इसकी बंदोबस्ती आगामी 21 जनवरी 2025 को कर दी जायेगी।इस बंदोबस्ती में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को भाग लेने से पूर्व जिला नजारत शाखा में जिला उपायुक्त के पदनाम से बंदोबस्ती की एक चौथाई रकम ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करवानी होगी।उन्होंने आगे बताया कि 2025-26 के लिए फेरीघाट की बंदोबस्ती रकम 9 करोड़ 79 लाख 80 हजार तय की गई हैं।ज्ञात हो कि जिला प्रशासन,की देखरेख में साहिबगंज मनिहारी अंतर्राज्यीय फेरी सेवा अंतर्गत मालवाहक एवं यात्रीवाहक जलयानों का स्थानीय गरम घाट एवं ओझा टोली घाट से उप विकास आयुक्त, सतीश चंद्रा ने विधिवत रूप से फिता काटकर 25 दिसंबर को परिचालन का शुभारंभ किया था।जिस मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए-सह- जिला जनसंपर्कपदाधिकारी संजय कुमार दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नु कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार,जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित विधायिका ने किया बरहरवा प्रखंड ग्रामीण क्षेत्र का दौरा।

**बरहरवा।** सोमवार को विधायक निसात आलम ने पाकुड़ विधानसभा के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कालू एवं मिर्जापुर पंचायत का के अन्तर्गत सिरासीन, ईटबागान साहेबडांगा ,शुक्रवासनी मिर्जापुर, लालमाटी ग्राम का दौरा कर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और कहा की पाकुड़ विधानसभा से चुनाव में हमे प्रचंड वोट से जीत दिलाने में आपकी बहुत बड़ी भागीदारी है यहां तक कि आपने झारखंड में सबसे ज्यादा वोटो से जीता कर इतिहास रचने का काम किया है। जिसके लिए हम आपको तहे दिल से धन्यवाद करते है और आपने जो प्यार,स्नेह,समर्थन, विश्वास जताने का काम किया है उसके लिए मैं आपके सुख दुःख में हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगी ।उसके बाद उन्होंने ग्रामीणों का जाना हाल और कहा कि कोई भी दिक्कत या परेशानी हो तो आप जरूर हमें बताएं मैं उसका निदान करने का पूरी प्रयास करूंगी। आपने हमें जिस उद्देश्य से मुझे जिताया है उसे उद्देश्य को मैं पूरा करने की पूरी कोशिश करूंगी।मौके पर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, नाबिद अंजुम,आनारूल खान, इंतियाज शेख, शमशेर अली खान , कमलुदीन शेख,अब्दुल करीम, प्रदीप साहा,सोहेब अख्तर,वसीम अकरम,मोताजुल, कमाल शेख,आलमगिर,फिरोज सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## ऊंचाई से गिरने से युवक गंभीर

साहिबगंज जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत केलाबाड़ी मोहल्ले में आठ फीट ऊंचाई से गिरने से युवक गंभीर हो गया गंभीर युवक को आसपास के लोगों के सहयोग से सदर अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है. कि केलाबाड़ी मोहल्ले में युवक संजय कुमार उराव 35 वर्षीय मकान के ऊपर अल्वेस्टर लगा रहा था7और अल्बेस्टर के ऊपर चढ़कर कम कर रहा था.उसी दौरान अल्वेस्टर अचानक टूट जाने से युवक 8 फीट ऊपर से नीचे गिर गया. जिसमें युवक गंभीर हो गया घायल युवक के कमर में पांव में चोट आई है युवक का इलाज अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है7

## अलग अलग मामले के दो अभियुक्तों गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस उधवा।** राधानगर थाना पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों में छापेमारी कर दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत के तज्जमुल शेख उर्फ भोला शेख के विरुद्ध कांड संख्या 262 के तहत दुष्कर्म का मामला दर्ज है। एक पीड़िता ने उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना पुलिस को आवेदन देकर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। वही दूसरी घटना में मोफाजुल टोला प्राणपुर बाजार निवासी अहमद राजा को भी कुटुंब न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि कुटुंब न्यायालय से निर्गत ओएम 77/22 के आलोक में लंबे समय से फरार चल रहे अहमद राजा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों नामजद अभियुक्त लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। हालाकी उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर कई बार छापेमारी भी की गई थी लेकिन कोई सफलता हासिल नहीं हुई थी। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई हसनैन अंसारी आदि पुलिस बल मौजूद थे।

## सदर अस्पताल से पच्चास मीटर दूर मिला नवजात का शव

देवघर(ईएमएस)।देवघर में एक बार फिर से मानवता शर्मसार हुई है।देवघर के सदर अस्पताल से महज 50 मीटर की दूरी पर एक नवजात शिशु का शव झाड़ियां में फेंका हुआ मिला।उसको देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके अलावा साथ-साथ स्थानीय लोगों में आक्रोश भी है।स्थानीय लोगों की माने तो अस्पताल के रोड पर सड़क के किनारे एक नवजात शिशु का सब फेंका हुआ था जिसके बाद लोगों की भीड़ वहां जुट गई। वहीं इस घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस छानबीन कर रही है।

## मिहिजाम में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए विशेष बैठक आयोजित



मिहिजाम~ मिहिजाम में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए मिहिजाम थाना परिसर में विशेष बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में मिहिजाम नगर परिषद के कई वार्ड पार्षदों ने भाग लिया और चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए अपने सुझाव दिए। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने की। उन्होंने कहा कि रात्रि में पूरे मिहिजाम नगर में नेपाली लोगों द्वारा पहरा दिया जाएगा, जिससे चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाया जा सके। इस बैठक में मौजूद सभी पार्षदों ने इस निर्णय का समर्थन किया और कहा कि यह एक अच्छा कदम है जिससे मिहिजाम के लोगों को सुरक्षा मिलेगी। बैठक में निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष शांति देवी, मनीषा महतो, विष्णु देव मुर्मू, रमेश रजक, साधन महतो, रामजीत यादव के अलावा कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस बैठक के बाद, मिहिजाम के लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और उन्हें उम्मीद है कि चोरी की घटनाएं कम होंगी।

## सीएबी रेड बरहरवा ने 121 रनों से दर्ज की जीत, सीनियर ज़िला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

**साहिबगंज।** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के एक मैच में सोमवार को सीएबी रेड बरहरवा बनाम बरहेट वारियर्स क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। बरहेट वारियर्स ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। सीएबी रेड बरहरवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 4 विकेट पर 244 रन बनाए। पीयूष गुप्ता ने शानदार शतक लगाते हुए 109 रन बनाए। ईशु कुमार ने 41, प्रीतम सरकार ने 16 व अमूल ने 11 रनों की पारी खेली। बरहेट वारियर्स के गेंदबाज राहुल ठाकुर ने 2, अमित व उत्तम ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बरहेट वारियर्स की टीम 22.2 ओवर में 123 रन बना कर ऑल आउट हो गई। विकास ने 11, अमित ने 19, सचिन ने 18 व विशाल ने 19 रन बनाए। सीएबी रेड बरहरवा के गेंदबाज सन्नी



श्रीवास्तव ने 3, पीयूष गुप्ता ने 2, अरबाज, आयुष व रंजन ने 1-1 विकेट लिया। सीएबी रेड बरहरवा ने 121 रनों से जीत दर्ज की। सीएबी रेड बरहरवा के खिलाड़ी पीयूष गुप्ता को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि राकेश कुमार रोशन ने पीयूष को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डु एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अंकुर सिन्हा, टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, चंदन कुमार, मो जुनैद, आदित्य, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, सागर सुमन मौजूद थे।

## मरीजो के बेड पर कंबल व चादर उपलब्ध कराने का प्रशासनिक डीएस मुकेश कुमार ने दिया निर्देश

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में बढ़ते ठंड को देखते हुए सदर अस्पताल के प्रशासनिक उपाध्यक्ष डीएस डॉ. मुकेश कुमार ने रविवार की रात सदर अस्पताल पहुचे और मरीजो का हाल जाना। इस दौरान डीएस ने सभी मरीजो के बेड कंबल देने का निर्देश दिया है। डीएस ने कहा कि अस्पताल में प्रयुक्त मात्रा में कंबल उपलब्ध है। मरीज के परिजनों को घर से कंबल व चादर लाने की कोई आवश्यकता नही है। इसके लिए स्वास्थ कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि भर्ती होने समय मरीज के बेड पर सबसे पहले चादर व कंबल उपलब्ध कराए। ताकि ठंड के चलते मरीज को नींद में खलल न पड़े। न ही इलाज में किसी तरह की परेशानी हो।



## सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में डॉक्टर नदारत ,परिजन परेशान

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** साहिबगंज। जिले के बड़े सदर अस्पताल में आए दिन डॉक्टरों की मनमानी देखने को मिलती है. मरिज व परिजन अस्पताल के डॉक्टर से रहते हैं. परेशान जहाँ सदर अस्पताल के ऊपरी मंजिल में सोमवार को शिशु रोग विशेषज्ञ नही रहने से घण्टो परिजन परेशान रहा। इलाज के लिए इधर उधर भटकना पड़ा। दोपहर 12~13 बजे शिशु रोग विशेषज्ञ उठकर कही चले गए। जबकि परिजन अपने बच्चे को दिखाने के लिए डॉक्टर के इंतज़ार में बैठे रहे। लेकिन डॉक्टर साहब का कुर्सी खाली रहा। परिजनों ने बताया कि वे लोग करीब एक घण्टा से अधिक समय से एसएनसीयू वार्ड के बाहर बैठे है। लेकिन अबतक डॉक्टर साहब नही आये। जबकि ठंड में दूर-दराज से आये है। इसे लेकर बाहर से आये लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर एसएनसीयू वार्ड से मिली जानकारी के अनुसार शिशु रोग विशेषज्ञ किसी काम के सिलसिले से सिविल सर्जन कार्यालय गए है।

## धूं-धूं कर जलने लगी एक साथ चार बसें करोड़ों का नुकसान

**देवघर सं।** शिवपुरी मोहल्ला में उस वक्त अफरा तफरी का माहौल हो गया जब अचानक एक साथ चार बसों में आग लग गई। और देखते ही देखते बसें जलकर राख हो गई। घटना सोमवार शाम की है। बताया जाता है कि चारों बसे खड़ी थी। अचानक एक साथ चार बसों में आग लग गई और देखते ही देखते ही आग की लपटें आसमान की ओर ऊंची उठने लगी। धुआं चारों ओर फैल गया। लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। इस बीच आग को बुझाने के लिए बस मालिक दिनेशानंद झा, कई स्टाफ सहित अन्य सभी मोहल्लावासियों ने काफी कोशिश की लेकिन आग फैलती चली गई।बाद में दमकल की दो गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बसों के मालिक सह देवघर बस ऑनर्स एसोसिएशन के



अध्यक्ष दिनेशानंद झा ने बताया कि सभी बसें चालू हालत में थी। आग कैसे लगा इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है।लेकिन आशंका व्यक्त की कि इसके पीछे असामाजिक तत्वों का हाथ हो सकता है। बताया कि इधर कुछ दिनों से इस इलाके में असामाजिक तत्वों का जामवाड़ा लगा रहता था। जो यहां आकर नशे का सेवन करते थे। कई बार उनलोगों को भगाया भी गया था। इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई थी। उन्होंने बताया कि लगभग दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

## डीएफओ ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री प्रबल गर्ग की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी।

बैठक में मुख्यतः जि़ला समन्वय समिति में दिये गये वन विभाग से संबंधित, निर्देशों के अनुपालन पर समीक्षा की गयी। डीएफओ ने बताया कि वृक्षों के पातन से संबधित दो प्रकार के मामले आते हैं, जिसमें विकास सम्बन्धित कार्यों के परिपेक्ष में वृक्षों के पातन हेतु उच्च स्तरीय समिति, राँची के समक्ष प्रस्ताव भेजा जाता है और दूसरा किसी आपदा/ पेड़ गिरने की संभावना वाली स्तिथि में संबंधित विभाग द्वारा पातन के अनुरोध किए जाने पर, उक्त विभाग को वन प्रमंडल कार्यालय द्वारा पातन आदेश निर्गत किया जाता है। सम्बन्धित विभाग पर वृक्षों के पातन एवं सरकारी डीपो तक परिवहन करने की जिम्मेवारी रहती है। वहीं वन अधिकार अधिनियम के तहत एक हेक्टेयर से कम वनभूमि अपयोजन के लिए विकासशील विनिर्दिष्ट परियोजनाओं हेतु वन भूमि विपथन के लंबित प्रस्तावों की भी समीक्षा की गयी। मौक़े पर पथ प्रमंडल कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल सहायक अभियंता, आरईओ कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्यपालक अभियंता, साहिबगंज एवं राजमहल नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी शामिल थे।

## 9 फरवरी को झारखंड मजदूर संघ का जिला स्तरीय अधिवेशन साहिबगंज में



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज~बीते दिनों बाकुड़ी में हुई झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक का केंद्रीय अधिवेशन संपन्न हुई।इस अधिवेशन में केंद्रीय कमेटी को पूरी तरह से भंग करते हुए नई केंद्रीय कमेटी का गठन किया गया।वही अधिवेशन में निर्णय लिया कि झारखंड मजदूर संघ का संथाल परगना पर प्रमंडलीय स्तरीय जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। वही संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने प्रेस को बताया कि 9 फरवरी को प्रथम जिला स्तरीय अधिवेशन साहिबगंज में,16 को गोड्डा 23 को पाकुड़ सहित दुमका देवघर,जामताड़ा में कार्यक्रम होना निश्चित हुआ है।उन्होंने बताया कि इस जिला स्तरीय अधिवेशन में जिल पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।साथ ही मजदूरों के हित में कार्य योजना बनाई जाएगी।मौके पर महेंद्र ठाकुर,गणेश ठाकुर,अजय रजक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मिहिजाम में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन





**मिहिजाम।** मिहिजाम के छाताडंगाल स्थित शिवालय परिसर में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का अंतिम दिन बहुत ही आनंद के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री सीताराम विवाह एवं देव बेदी पूजन हवन पूर्णाहुति का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया।

इस पांच दिवसीय आयोजन के दौरान, अयोध्या से आए पुराण कथावाचक ब्यास पंडित तुलसी राम शास्त्री और यज्ञाचार्य पंडित शिव राम शास्त्री ने भगवान लक्ष्मी नारायण की महिमा का वर्णन किया। संगीतकार शिवदीवाकर दुबे, सन्दीप मिश्रा, और बिनोद ने अपने सुंदर संगीत से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। संध्या बेला पर स्थानीय कलाकारों द्वारा गीत संगीत जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों दर्शक उपस्थित हुए। इस आयोजन की सफलता का विशेष श्रेय लक्ष्मी रजक, सुरेश राय, गणेश पासवान, अजय सिंह, मृदुल दास, विजय चौधरी, कृष्ण गुप्ता, अशोक साव, और काजू शर्मा आदि को जाता है, जिन्होंने अपने श्रम दान से इस आयोजन को सफल बनाया। यह आयोजन मिहिजाम के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जहां वे भगवान लक्ष्मी नारायण की पूजा अर्चना कर भगवान की महिमा और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किए। इस आयोजन के माध्यम से लोगों ने अपने जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान और शांति की प्राप्ति की। इस आयोजन के समापन पर, भक्तों ने भगवान लक्ष्मी नारायण को धन्यवाद दिया और उनकी कृपा की कामना की। यह आयोजन मिहिजाम के लोगों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, जो उन्हें भगवान लक्ष्मी नारायण की महिमा का अनुभव कराने में

## 10 पिकनिक स्पॉट को पुलिस ने किया है चिन्हित, रहेगी पैनी नजर



साहिबगंज। नव वर्ष पर जिले के 10 पिकनिक स्पॉट पर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा का चक्का चोन्द व्यवस्था रहेगी। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। एसपी अमित कुमार सिंह ने सभी थाना प्रभारी से पिकनिक स्पॉट को सूची मांगी है, बताया जाता है कि जिले का तकरीबन प्रमुख 10 पिकनिक स्पॉट को चिन्हित किया गया है। जहां एक-एक दंडाधिकारी वह पुलिस पदाधिकारी के साथ एक हवलदार वह चार सिपाही सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर यातायात सिपाही तैनात किए जाएंगे। दरअसल जिले के पिकनिक स्पॉट पर काफी भीड़ होती है। दूसरी राज्यों से भी सेनानी यहां पिकनिक मनाने के लिए आते हैं। नए साल के दिन से पूर्व में कई अपराधिक वारदात हो चुके हैं। शराब के अधिक सेवन से सड़क हादसे भी कई लोगों की जान पर भी खतरा बना है। शराब पीकर हंगामा करने पर होगी प्राथमिक दर्ज न्यू ईयर सेलिब्रेशन पर 1 जनवरी को शराब पीकर बाइक चलाने वाले को खैर नहीं है। बाइक चालकों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी वहीं हंगामा करने वाले पर कैसे भी दर्ज किया जाएगा। अवैध ढंग से शराब की बिक्री करने वाले को घर पकड़ के लिए लगातार छाप मारी की जा रही है।इसके अलावा होटल में शराब पीने वालों पर भी पुलिस की पहली नजर रहेगी।

## बीस हजार की अवैध शराब जब्त

**बरहरवा।** आरपीएफ ने ट्रेन से अवैध शराब जब्त करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोच संख्या ईआर-132414, टी नंबर- 05433 में अवैध शराब ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में ए एसआई लाल बहादुर मांझी,एचसी डीके मंडल और एचसी एसी दास ने संयुक्त रूप से उक्त ट्रेन के कोच संख्या ईआर-132414 में छापेमारी किया। तलाशी के दौरान सीट के अंदर 2 लावारिस काले रंग का बिमल पान मसाला बैग रखा हुआ मिला। संदेह होने पर सावधानी बरतते हुए उक्त बैग को खोलने पर बैग के अंदर शराब मिली। शराब के संबंध में उक्त कोच में उपलब्ध यात्रियों से पूछा गया। लेकिन कोई भी उक्त बैग का दावा करने के लिए आगे नहीं आया। शराब के बैग को ट्रेन से उतर कर आरपीएफ पोस्ट लेकर चला गया। जब्त अवैध शराब में 17 पीस ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की जिसकी अनुमानित कीमत 20000 रूपये बताया जाता है।

## 5 जनवरी तक सभी डॉक्टरों व कर्मियों की छुट्टी रद्द

**संताल एक्सप्रेस** साहिबगंज। सदर अस्पताल में 5 जनवरी को मेगा वोमेन हेल्थ कैम्प का आयोजन हुआ है। इसको लेकर सभी चिकित्सा पदाधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने इसको लेकर निर्देश जारी किया है। विशेष परिस्थिति में उनके ही आदेश से छुट्टी दी जा सकती है। इस दौरान अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर व कर्मी का वेतन-मानदेय अवरुद्ध कर दिया जाएगा।

## राज्य में साहिबगंज खेल बैंक स्थापित करने वाला दूसरा जिला बना

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज/जिले के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वूशु, खो-खो में अपने दमदार प्रदर्शन से 2024 को यादगार बना दिया है। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने पदक जीत राष्ट्रीय भागेदारी की। वहीं कबड्डी, कुश्ती, वूशु, खो खो के खिलाड़ी का प्रदर्शन सराहनीय रहा। जिला प्रशासन के तत्वाधान में 14वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस जागरूकता क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। 03 से 8 जनवरी 2024 तक राजस्थान के जयपुर में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में अंकिता कुमारी व लक्ष्मी कुमारी ने जयपुर में भाग लिया। 15 जनवरी को गया में आयोजित 58वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड़ बालक अंडर-20 में सुजीत सरकार ने भाग लिया। 24 से 28 जनवरी तक रांची में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय विधालय अंडर-14 बालक कबड्डी प्रतियोगिता में कृष्णा कुमार ने भाग लिया। 24 से 28 जनवरी तक आयोजित 67वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय विद्यालय अंडर-19 बालिका कबड्डी प्रतियोगिता मंडया, कर्नाटक में ममता कुमारी, आरती कुमारी, रिया कुमारी, सुलेखा कुमारी, रेखा कुमारी एवं बालक अंडर-19 आयु वर्ग में मनमोहन यादव ने भाग लिया। 24 से 28 जनवरी तक रांची में आयोजित 67वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय विद्यालय अंडर-19 बालिका वूशु प्रतियोगिता में राधा कुमारी ने 60 किलो वर्ग में भाग लिया। 28 से 31 जनवरी तक पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिले से 74 किलो वर्ग फ्री स्टाईल में मनीष कुमार यादव व 92 किलो वर्ग में अमन ओझा ने भाग लिया। सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड के द्वितीय कोल इंडिया मैराथन 11 फ़रवरी रांची में योगेश प्रसाद यादव, अशोक कुमार साहनी, मनोज कुमार ने तकनीकी पदाधिकारी के दायित्व का निर्वहन किया। 16 से 18 फरवरी तक अहमदाबाद के गुजरात में संपन्न 19वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बालक अंडर-14 ट्रायथलन ग्रुप सी में परमा हांसदा ने देश भर में छठा स्थान तथा पृथ्वी राज मंडल ने किड्स जेवलिन में 9वां स्थान हासिल किया। 16 मार्च को रांची में आयोजित अंडर-15 एवं अंडर-20 राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका फ्री स्टाईल तथा ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता के **अंडर-15 बालक फ्री स्टाइल में**सोनू कुमार यादव ने 62 किलो ग्राम, राजू कुमार यादव ने 75 किलो ग्राम में स्वर्ण, रहीश कुमार गोंड ने 38 किलो ग्राम, अंकुश यादव ने 48 किलो ग्राम में रजत,प्रिंस कुमार यादव ने 38 किलो ग्राम, करण कुमार ने 44 किलो ग्राम में कांस्य पदक जीता। अंडर-15 ग्रीको रोमन वर्ग में कुणाल यादव ने 62 किलो ग्राम में स्वर्ण, सुदांशु पंडित ने 38 किलो ग्राम, नंदन कुमार ने 41 किलो में रजत एवं विवेक कुमार ने 38 किलो ग्राम, सत्यम चौधरी ने 57 किलो ग्राम में कांस्य पदक जीता। अंडर-15 महिला कुश्ती में छोटी कुमारी ने 39 किलो ग्राम में रजत, प्रतिज्ञा कुमारी ने 33 किलो ग्राम, करीना कुमारी ने 33 किलो ग्राम, श्रुति कुमारी ने 42 किलो ग्राम में कांस्य पदक जीता। अंडर-20 फ्री स्टाइल कुश्ती में मनीष कुमार ने 79 किलो ग्राम, आदित्य यादव ने 74 किलो ग्राम में रजत पदक जीता। ग्रीको रोमन में संजय तिर्की ने 55 किलो ग्राम में कांस्य पदक जीता। अंडर- 20 बालिका में खुशी कुमारी ने 50 किलो ग्राम में कांस्य पदक जीता। 20 से 22 मार्च तक सम्पन्न 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, देवघर में जिले के खिलाड़ियों ने कुल 06 स्वर्ण, 02 रजत व 03 कांस्य पदक समेत कुल 11 पदक जीत जिले को राज्य स्तर पर गौरवांवित किया। जिसमें हुस्न आरा परवीन ने बालिका-18 वर्ष लंबी कूद, सुहाना परवीन ने बालिका-18 वर्ष 400 मीटर, नीरज यादव ने बालक-18 वर्ष जेवलिन थ्रो, मो अली ने बालक-18 वर्ष शॉटपुट थ्रो, परमा हांसदा ने ट्राइथलन ग्रुप सी, काजल कुमारी ने बालिका-14 किड्स जेवलिन ने स्वर्ण पदक,

## मां काली की भव्य पूजा अर्चना का आयोजन

मिहिजाम~ मिहिजाम के छाता डंगाल स्थित काली मंदिर में पूजा आयोजकों द्वारा कृष्ण पक्ष अमावस्या एवं वर्ष 2024 की अंतिम सोमवती अमावस्या के शुभ अवसर पर संध्या में मां काली का भव्य पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर दर्जनों भक्त पूजा उत्सव में शामिल हुए और मां काली की पूजा अर्चना की। इस पूजा उत्सव का आयोजन मिहिजाम के लोगों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव था, जिसमें उन्होंने मां काली की महिमा का अनुभव किया। पूजा के दौरान, भक्तों ने मां काली की पूजा अर्चना की और उनकी कृपा की कामना की। देर रात्रि महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी का भोग सभी श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। इस अवसर पर नरेश प्रसाद, पप्पू साव, अजय पासवान, विकास साव के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह पूजा उत्सव मिहिजाम के लोगों के लिए एक यादगार अनुभव था, जो उन्हें मां काली की महिमा का अनुभव कराने में सफल रहा।

## टैक्स टेररिज्म और भारतीयों का आक्रोश- सरकार को समाधान की दरकार

भारत का वर्तमान टैक्स सिस्टम आम नागरिकों की जिंदगी को बोझिल और कठिन बना रहा है। जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) को लेकर भारतीय जनता का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और जीएसटी दरों को लेकर मीम्स की बाढ़ आ गई। जनता ने जीएसटी की जटिलताओं और बढ़ते टैक्स के बोझ को हास्य के जरिए व्यक्त कर अपनी नाराजगी को व्यक्त किया है।पॉपकॉर्न पर तीन तरह के टैक्स और सेकंड हैंड कार से जुड़े टैक्स को लेकर हाल ही में बनाए गए मीम्स ने खासतौर पर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। पॉपकॉर्न जैसी छोटी वस्तुओं पर भारी जीएसटी और सेकंड हैंड कार की खरीद-फरोख्त पर जटिल टैक्स नियमों के कारण लोगों की जिंदगी हताशा से भर गई है। ऐसे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर वित्त मंत्री पर तीखे कटाक्ष करने वाले मीम्स ट्रेंड कर रहे हैं। चाहे जीएसटी हो, इनकम टैक्स हो, या फिर रोजमर्रा के जीवन पर लगने वाले कई अप्रत्यक्ष कर, सभी तरह से आम भारतीय करदाताओं को हर कदम पर सरकार को भारी टैक्स चुकाना पड़ता है।जनता कहती है कि जीएसटी का उद्देश्य तो कर प्रणाली को सरल बनाना था, लेकिन यह तो उल्टा जटिल और बोझिल हो गया है। सोशल मीडिया के जरिए अपना गुस्सा प्रकट करने वाले लोग सरकार से बदलाव की मांग कर रहे हैं। यह जनता की निराशा ही नहीं बल्कि उनके अंदर सरकार की नीतियों के खिलाफ पनप रहे आक्रोष का भी प्रतीक है, जिसे सरकार को गंभीरता से लेना होगा और समय रहते टैक्स सुधारों पर काम करना होगा। टैक्स टेररिज्मभारत में सरकार करदाताओं की आय का बड़ा हिस्सा अपने पास रख लेती है। इनकम टैक्स, जीएसटी, हाउस टैक्स, रोड टैक्स, टोल टैक्स और यहां तक कि कपड़े या खाना खरीदने पर भी टैक्स देना पड़ता है। ऐसे में एक साधारण भारतीय करदाता के लिए बचत करना या बेहतर जीवन स्तर बनाए रखना मुश्किल हो गया है। करदाताओं के लिए अब यह प्रणाली किसी टैक्स टेररिज्म से कम नजर नहीं आ रही है। 'टैक्स टेररिज्म' का मुद्दा पिछले कुछ वर्षों में प्रमुखता से उभरा है। भारी टैक्स दरों और अप्रत्याशित कर नियमों ने करदाताओं को असमंजस में डाल दिया है। इसके परिणामस्वरूप, भारत के कई सुपर रिच नागरिक देश छोड़ने पर मजबूर हुए और आगे भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलती रहने वाली है। आंकड़ों के अनुसार, 2011 से अब तक 17.50 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी है।

विदेश पलायन विदेश मंत्री एस. जयशंकर के अनुसार, 2023 में जून तक 87,026 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी। 2022 में यह संख्या 2,25,620 थी। ये आंकड़े बताते हैं कि भारतीय नागरिक, विशेष रूप से धनी और उच्च वर्ग, भारत छोड़कर उन देशों में जा रहे हैं जहां टैक्स सिस्टम सरल और कम बोझिल है। इस रुझान के पीछे सबसे बड़ी वजह है, टैक्स के बदले मिलने वाली सुविधाओं की कमी। भारतीय करदाता सरकार को भारी टैक्स तो चुकाते हैं, लेकिन उन्हें बदले में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, और बुनियादी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार देखने को नहीं मिलता। यह स्थिति न केवल आम नागरिकों के लिए चुनौतीपूर्ण है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

जीएसटी और मध्यम वर्ग की समस्याएं मौजूदा सरकार ने जीएसटी को एक सरल और प्रभावी टैक्स सिस्टम के रूप में पेश किया था, लेकिन इसके क्रियान्वयन ने मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों पर भारी बोझ डाला है। वस्तुओं और सेवाओं पर उच्च दर से कर वसूली ने महंगाई को बढ़ाया है। आम आदमी के लिए रेस्टोरेंट में खाना, कपड़े खरीदना, या छोटे-मोटे व्यापार करना अब पहले की तुलना में महंगा हो गया है। सरकार की जिम्मेदारी टैक्स का मकसद देश की भलाई के लिए धन जुटाना है, लेकिन यह तभी सार्थक है जब जनता को उसके बदले बेहतर सुविधाएं मिलें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे में सुधार के बिना टैक्स वसूली केवल जनता में नाराजगी और असंतोष बढ़ा रही है।

## नये वर्ष में संकल्प लें कि हम अपने अंदर छुपे सारे दुर्गुणों पर विजय पाएं: पवित्रानन्द

**कृष्ण बिहारी मिश्र**

रांची के योगदा सत्संग आश्रम में वर्ष के अंतिम रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी पवित्रानन्द ने योगदा भक्तों से कहा कि जीवन एक यात्रा है और इस यात्रा में नया वर्ष हमारे लिए एक नया अवसर लेकर आता है। यह नये अवसर को पाकर हम अपने जीवन यात्रा को और बेहतर बना सकते हैं तथा स्वयं को जागृत कर उस ब्रह्मांड के सार को जान सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत में पड़ कर कभी वर्तमान को न भूलें। वर्तमान ईश्वर के द्वारा दिया गया अनमोल उपहार हैं। जिसका हम फायदा उठाकर बेहतर स्थिति में आ सकते हैं अर्थात ईश्वर को पा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस ईश्वर प्राप्ति में हमारे गुरु परमहंस योगानन्द जी हमें बेहतर स्थिति में लाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। जब माया हमें प्रभाव में लेने की कोशिश करती हैं तो उस माया से बचाने का काम अपने गुरुजी का ही हैं। इसलिए हमें अपने गुरु से सदैव प्रेम करना सीखना चाहिए। हम बेहतर स्थिति में हो, इसके लिए हमें गुरु के प्रति प्रेम व भक्ति हर हाल मे रखनी होगी। उन्होंने कहा कि जब गुरु जी का जन्मदिन आता हैं तो आपने देखा होगा कि हर भक्त अपने-अपने ढंग से गुरु के प्रति प्रेम प्रदर्शित करता हैं। वो अपने-अपने तरीके से गुरु को प्रसन्न करने के लिए नाना प्रकार के फल-फूल और उपहार गुरु को समर्पित करते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि गुरुजी को इन सभी से अलग आपके अंदर जो छुपी बुराई हैं, जो पाप हैं। वो उन्हें चाहिए, ताकि वे अपने प्रभाव से आपके अंदर छुपी बुराई और पाप को भस्मीभूत कर दें और आपको रत्नाकर से वाल्मीकि बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा दें।

उन्होंने कहा कि गुरुजी ने तो हम सब से वादा किया है कि जो कोई भी योगदा के पाठ को पढ़ेगा



और उसी प्रकार जीवन यात्रा जारी रखेगा, वे उसके हर समस्याओं का निदान करेंगे। उसके ईश्वर पाने की जो लालसा है। उसे पूरी करने में उसकी मदद करेंगे। बशर्ते उसकी ध्यान व साधना में कोई रुकावट न हो, वह इसका अभ्यास करना कभी नहीं छोड़ें।

पवित्रानन्द ने कहा कि जो भी कोई ध्यान व साधना को नहीं छोड़ता, वो धीरे-धीरे स्वतः परमहंस योगानन्द जी की सहायता से ईश्वर के निकट चला जाता है। जो क्रियावान हैं, उनके लिए तो यह कार्य सहज व सरल है। क्योंकि क्रिया योग से ईश्वरीय चेतना को पाना बहुत ही आसान है।

उन्होंने कहा कि एक बार जब वे योगदा आश्रम में टहल रहे थे। तभी एक युवा ने हमसे आकर पूछा कि क्या आप हर प्रकार से मुक्त हो चुके हैं। उसके इस प्रश्न से वे हतप्रभ रह गये। क्योंकि हर प्रकार से मुक्त हो जाना इतना आसान नहीं, जितना समझा जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले अपनी सोच को ठीक करना पड़ता है। अपने दृष्टिकोण को बदलना होता है। अगर दृष्टिकोण गलत हैं तो फिर ईश्वरीय चेतना से आप दूर हो गये, माया आपको प्रभाव में ले लेगी। लेकिन अगर आपका दृष्टिकोण सही हैं तो फिर आप ईश्वरीय चेतना से ओत-प्रोत होते जायेंगे।उन्होंने कहा कि इसके लिए आपको सबसे पहले संकल्पित होना पड़ेगा। बिना संकल्प के कुछ भी संभव नहीं। एक संकल्प आपके जीवन को परिवर्तित कर सकता है। फिर आप इस संकल्प के माध्यम से अगर आप प्रतिदिन ध्यान करना शुरु करते हैं। क्रिया योग में आसक्त होते जाते हैं तो फिर ईश्वरीय चेतना को प्राप्त करने में दूरी कहां?

उन्होंने इसी बीच एक प्रतिज्ञान भी कराया, जिस प्रतिज्ञान को सभी योगदा भक्तों ने अपने मन में धारण किया। उन्होंने इस बात को बार-बार दुहराया कि गुरु की सेवा, संकल्प, अच्छी सोच, एक सुंदर दृष्टिकोण प्रत्येक व्यक्ति के जीवन यात्रा में बेहतर उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि अगर आप अपने जीवन यात्रा को बेहतर बनाना चाहते हैं तो इस नये वर्ष में सबसे पहले अपने अंदर छुपे दुर्गुणों की एक सूची बनाइये और उन दुर्गुणों पर धीरे-धीरे विजय प्राप्त करने का प्रयास करिये। अगर आपका संकल्प सत्य है और आपने स्वयं को सुंदर दृष्टिकोण से ओत-प्रोत कर रखा हैं और गुरु सेवा में तल्लीन हैं तो आप एक दिन पायेंगे कि आपके अंदर के सारे के सारे दुर्गुण समाप्त हो चुके हैं। आप ईश्वरीय चेतना को प्राप्त कर चुके हैं और आप सही मायनों में हर प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं, जो प्रत्येक साधनारत व्यक्ति की चाहत होती हैं।

## छत्तीसगढ़ में ईडी की छापेमारी और सियासी तनाव



**( सत्यप्रकाश दुबे**

छत्तीसगढ़ की राजनीति में पूर्व मंत्री कवासी लखमा के निवास और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी ने राज्य के राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया है। यह घटनाक्रम कानूनी कार्रवाई से आगे बढ़कर सियासी आरोप-प्रत्यारोप का कारण बन गया है। कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी बयानबाजी और कवासी लखमा की प्रतिक्रिया ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय चर्चा का केंद्र बना दिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने रायपुर धरमपुरा स्थित कवासी लखमा के आवास और उनके करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने उनके बेटे और जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश लखमा तथा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के परिसरों को भी जांच के दायरे में लिया। आरोप हैं कि इन स्थानों पर आर्थिक अनियमितताओं और भ्रष्टाचार से जुड़े सबूत खोजने की कोशिश की जा रही थी। ईडी का दावा है कि छापेमारी भ्रष्टाचार और धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) से संबंधित मामलों की जांच के लिए की जा रही है। हालांकि, इस कार्रवाई के कानूनी आधार की पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। कांग्रेस पार्टी ने ईडी की इस कार्रवाई को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि भाजपा सरकार विपक्ष के नेताओं को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस ने इसे भाजपा का राजनीतिक बदला बताया। यह छापेमारी जनता का ध्यान भटकाने और कांग्रेस पार्टी की छवि खराब करने की साजिश है। लेकिन कांग्रेस इससे डरने वाले नहीं हैं। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ईडी एक स्वतंत्र एजेंसी है और वह कानून के तहत अपना काम कर रही है। भाजपा प्रवक्ताओं का कहना है कि अगर कवासी लखमा निर्दोष हैं, तो उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। भाजपा का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह हर कानूनी जांच को राजनीतिक रंग देकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। भाजपा का कहना है कि अगर ईडी ने कोई कार्रवाई की है, तो उसके पीछे पुख्ता सबूत होंगे। कांग्रेस हर बार इस तरह के मामलों को राजनीतिक षड्यंत्र का नाम देती है, जबकि हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार को खत्म करना हर सरकार का दायित्व है। कवासी लखमा ने ईडी की कार्रवाई को व्यक्तिगत प्रताड़ना बताया। उन्होंने कहा कि अनपढ़ होने का फायदा उठाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। लखमा ने जोर दिया कि वह निर्दोष हैं और कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगी। लखमा ने कहा कि वह जांच के लिए तैयार हैं, लेकिन यह कार्रवाई केवल उन्हें बदनाम करने के लिए की गई है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा जनता की सेवा की है। मेरे खिलाफ कोई भी आरोप साबित नहीं होगा। यह कार्रवाई केवल राजनीतिक लाभ के लिए की जा रही है। इस छापेमारी ने छत्तीसगढ़ की राजनीति में नए विवादों को जन्म दिया है। कांग्रेस इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बता रही है, जबकि भाजपा इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ जरूरी कदम करार दे रही है। राज्य के नागरिक भी इस घटनाक्रम पर बंटे हुए नजर आ रहे हैं। एक तरफ जहां कांग्रेस समर्थक इसे केंद्र सरकार की दमनकारी नीति के रूप में देख रहे हैं, वहीं भाजपा समर्थक इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ जरूरी कार्रवाई मान रहे हैं। इस पूरे मामले में स्थानीय जनता की राय भी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कवासी लखमा की लोकप्रियता काफी अधिक है। उनकी छवि एक जननेता की है, जो हमेशा जनता के लिए खड़े रहते हैं। ईडी की कार्रवाई के बाद उनके समर्थकों में रोष है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह कार्रवाई कानून के दायरे में है और कांग्रेस केवल जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। छत्तीसगढ़ में कवासी लखमा पर ईडी की छापेमारी केवल कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक संघर्ष का संकेत है। कांग्रेस और भाजपा के बीच इस मुद्दे को लेकर आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। जहां कांग्रेस इसे राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बता रही है, वहीं भाजपा इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम के रूप में पेश कर रही है।

आगामी समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह मुद्दा राज्य और राष्ट्रीय राजनीति को किस तरह प्रभावित करता है। क्या यह छत्तीसगढ़ की राजनीति में कांग्रेस की स्थिति को और मजबूत करेगा, या भाजपा इसे अपने पक्ष में भुनाने में सफल होगी? यह सवाल अभी अनुत्तरित है, लेकिन इतना निश्चित है कि यह मुद्दा आने वाले चुनावों में एक बड़ा फैक्टर साबित हो सकता है।

## पाकुड़ की खबरें

## मुरारोई को 2 विकटों से हराकर भागलपुर ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

हिरणपुर (पाकुड़ ) फुटबाल मैदान में आयोजित जेएमएम चैम्पियंस ट्रॉफी का तीसरा क्वाटर फाइनल मैच सोमवार को भागलपुर और मुरारोई के बीच खेला गया। जिसमें भागलपुर ने मोरारोई को 2 विकटों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मुरारोई की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 195 रनों स्कोर खड़ा कर दिया। मुरारोई की ओर से आनंदो ने 65 एवं राजीव ने 45 रनों शानदार पारी खेली। वहीं भगालपुर की ओर से धर्मेंद्र ने 4 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भागलपुर की टीम ने 8 विकेट खोकर 19 वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली। भगालपुर कि ओर से फैजी ने 45 रनों की पारी खेली। मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए धर्मेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिन्हें प्रतिष्ठित व्यवसायी सह समाजसेवी रविन्द्र पिंटू भगत के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष वीकास रविदास, सचिव जितेंद्र रविदास, कुंदन रविदास, विक्की, श्यामा, नासिर, पवन , वीरेन्द्र, राहुल, करमचंद्र, रंजीत, वसीम आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एक दिवसीय वन-विहार कार्यक्रम संपन्न



**रांची।** इस वन-विहार कार्यक्रम में संस्था द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र, किशोरी विकास केंद्र,सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षिकाओं व प्रशिक्षणार्थियों सहित मातृ मंडल की महिलाएं शामिल हुईं। एक दिवसीय कार्यक्रम में मनोरंजनपूर्ण एवं रोचक खेलकूद का आयोजन किया गया साथ ही योगासन,गीत का अभ्यास कराया गया। हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया जहां श्रीमती विमला टोरका द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वन विहार कार्यक्रम के अंतिम चरण में एक बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी माननीय गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि वन-विहार कार्यक्रम के माध्यम से सामूहिकता आती है। एक दूसरे से परिचय होता है और अपनत्व बढ़ता है। सेवा भारती के विभिन्न सेवा आयामों के द्वारा सामाजिक जागृति आई है। निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा और सहयोग करना ही मानव जीवन की सार्थकता है। सदैव कुछ न कुछ देने का भाव हमारे संस्कार में होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेवा भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल,रांची महानगर के उपाध्यक्ष शुभेंदु भट्ट,सचिव श्याम टोरका, विनय गांगुली उपस्थित रहे।

## 61 आपदा मित्रों को उपायुक्त ने बांटे प्रमाण पत्र

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। जिले के सभी प्रखंडों से आये आपदा मित्रों को पाकुड़ प्रखंड के सभागार में 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का कार्यक्रम का आज समापन हो गया है। इस समापन समारोह में 61 प्रशिक्षुओं को उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रमाण पत्र प्रदान किया।इस क्रम में उपायुक्त ने सभी से 12 दिनों में लिए गए उनके प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। इस आपदा मित्रों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी प्रखंड से मिलाकर 61 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षणथियों को आईडी कार्ड, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, आपदा मित्र हस्त पुस्तिका एवं ई.आर.के किट वितरण किया गया।



उपायुक्त ने सभी से जाना कि आपदा की घड़ी में वे कैसे बचाव करेंगे। साथ ही उन्होंने ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली, भूस्खलन एवं हार्ट अटैकिंग के दौरान कैसे बचाव किया जा सकता है और आपदा के बाद उनका क्या काम है। इन तमाम बातों विस्तारपूर्वक जानकारी ली।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू, अंचलाधिकारी भागीरथ महतो, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह एवं राजेंद्र नाथ दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच बांटे गए कंबल



हिरणपुर (पाकुड़ ) विधायक हेमलाल मुर्मू के सौजन्य से सोमवार को प्रखंड के डांगापाड़ा व मोहनपुर पंचायत में जरूरतमंद लोगों के बीच झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इशहाक अंसारी के नेतृत्व में कंबल वितरण किया गया। इशहाक अंसारी ने कहा कि ठंड को देखते हुए विधायक के निर्देश कुल 6 सौ जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। आगे भी अन्य गांवों में कंबल का वितरण किया जाएगा। मौके पर उप प्रमुख सह झामुमो नेता गनी मोमिन, जब्बार अंसारी, मोतिन अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



बरहरवा प्रखंड ग्रामीण क्षेत्र का दौरा

## रात के अंधेरे में स्टेशन परिसर पर लहरा रहा है राष्ट्रीय ध्वज, प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं :-



पाकुड़। ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल के अध्यक्ष हिसाबी राय, इजराप्पा के सचिव राणा शुक्ला, महासचिव सुशील शाहा ने वरिष्ठ विद्युत अनुभाग अभियंता (साज़) पूर्व रेलवे पाकुड़ राजू कुमार एवं स्टेशन प्रबंधक रेलवे पाकुड़ लखीराम हेंब्रम को उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में लहरा रहे राष्ट्रीय ध्वज को व्यवस्थित करने हेतु एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में देश की शान राष्ट्रीय ध्वज दिन रात 24 घंटे लहरा रहा है। दिन में तो राष्ट्रीय ध्वज सूर्य के प्रकाश से चमकता रहता है। किंतु रात्रि में वर्तमान में कोई व्यवस्था नहीं है । इससे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होता है। मालूम हो कि सौ फीट ऊंचाई मैं लहराने वाले राष्ट्रीय ध्वज सम्मान के साथ उसका अधिष्ठापन तत्कालीन महाप्रबंधक पूर्व रेलवे कोलकाता के द्वारा तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक,पुर्व रेलवे हावड़ा की उपस्थिति में किया गया था।जिसकी पूर्ण व्यवस्था की गई थी।जिसके इर्द-गिर्द विद्युत आपूर्ति की पूर्ण व्यवस्था थी। किंतु पिछले 1 वर्ष से लाइट क्षतिग्रस्त है। फलस्वरुप राष्ट्रीय ध्वज रात में अंधेरा में रहता है। विभाग के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की सुध नहीं ली जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। यह राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है।

राय ने उक्त पदाधिकारियों से पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में अधिष्ठापित तिरंगा झंडा के दोनों ओर बिजली के दोनों खम्भे में अविलम्ब विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश की व्यवस्था की की मांग की है।स्टेशन प्रबंधक श्री हेम्ब्रम ने कहा कि तिरंगे की सम्मान और उसकी साज सज्जा के लिए हम पीछे नहीं हटेंगे । जहां तक संभव होगा हम उसे अवश्य व्यवस्थित करेंगे । हिसाबी भी राय ने कहा कि संविधान अपनी स्थापना के 75 वीं वर्षगांठ मना रहा है।इस हेतु राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना हम सबों का प्रथम कर्तव्य है।

## पशु शेड की राशि की हेरा -फेरी मामले को लेकर बीडीओ से जांच की मांग

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**महेशपुर ( पाकुड़ ) महेशपुर प्रखंड अंतर्गत अस्कंधा पंचायत में पशु शेड निर्माण में एक बार फिर राशि की हेरा -फेरी करने का मामला प्रकाश में आया है । मामले को लेकर आवेदेक सोलेमान शेख ने बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव को लिखित शिकायत की है। आवेदक ने उल्लेख किया है कि वर्ष 2021-2022 में मेरे दादा के नाम से पशु शेड का निर्माण हुआ था। हमें इसकी जानकारी नहीं थी कि मेरे दादा के नाम से पशु शेड का निर्माण हुआ है। विश्वास सूत्रों से जानकारी मिली कि पशु शेड का निर्माण अरजेद अली शेख मेरे दादाजी के नाम से हुआ था । इनका आईडी संख्या 7080901476673 है।जब हमने पता किया तो सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया तीनों की मिलीभगत से मेरे पशु शेड का राशि निकल लिया गया है। मेरी योजना भी बंद कर दी गई है।आवेदक ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर उक्त कांड का जांच करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की हे।

## अनुकम्पा समिति की अनुशंसा पर तीन लोगों को डीसी ने दिया नियुक्ति पत्र



पाकुड़। सोमवार को अनुशंसा के आधार पर 01 निम्नवर्गीय लिपिक एवं 02 अनुसेवक को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।उपायुक्त मनीष कुमार व विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह ने अनुकम्पा समिति के निर्णय ने मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर समाहरणालय संवर्ग अंतर्गत विकास मुर्मु, निम्नवर्गीय लिपिक, रमेश टुडु, अनुसेवक, सुशांति हांसदा, अनुसेवक पद पर नियुक्ति पत्र सोपा है। उपायुक्त ने तीनों कर्मियों को बधाई देते हुए अनुशासित होकर काम करने की बात कही।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। जिले के अमड़ापाड़ा, हिरणपुर,लिट्टीपाड़ा एवं पाकुड़िया प्रखंड में चल रहे ग्राम पंचायत विकास योजना 2024 के अन्तर्गत प्रखंड पंचायत संसाधन केंद्र एवं प्रखंड के सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दिया जाने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न हो गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सबकी योजना सबका विकास विषय पर पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए गरीब मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी, जल पर्याप्त, स्वच्छ और हरित, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा,समाजिक रूप से सुरक्षित, सुशासन वाला गांव महिला एवं बाल हितैषी समेत नौ विषयों पर योजना चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया

## बाइक का संतुलन बिगड़ने से दो घायल

हिरणपुर( पाकुड़ ) थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनाथपुर गांव के समीप सोमवार को बाइक का संतुलन बिगड़ने से उसमें सवार दो लोग जख्मी हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार होकर भवानीपुर आदित्यनगर निवासी इमरान शेख(26) व हिरणपुर गनेशपुर के माइकल सोरेन पाकुड की ओर जा रहे थे कि इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे बाइक में सवार दोनों व्यक्ति घायल हो गए। उधर सूचना मिलते ही थाने के एएसआई मृत्युंजय कुमार पाठक मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को पुलिस वैन में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों घायलों का प्राथमिक इलाज डॉक्टरों ने किया। वहीं पुलिस ने दोनों घायलों के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एपीके फाइल भेजकर मोबाइल को हैक कर ठगी करने वाले 10 साइबर अपराधी गिरफ्तार

## 15 मोबाइल,23 सिम कार्ड, 08 प्रतिबिंब सिम बरामद



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** साइबर पुलिस ने जंगल झाड़ के पास छापेमारी कर 10 साईबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से 15 मोबाइल,23 सिम कार्ड, 08 प्रतिबिंब सिम बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी में मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लतासारे गांव निवासी राजकुमार मंडल उम्र करीब 21 वर्ष पिता श्याम सुन्दर मंडल,सुभाष कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता शंकर मंडल,जगतपुर गांव के अनुज कुमार उम्र करीब 29 वर्ष पिता सुनिल मंडल,पाथरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत सरेता गांव निवासी जोतिन्द्र महरा उम्र करीब 30 वर्ष पिता लक्ष्मण महरा,मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत योगीडीह गांव निवासी शकुल दास उम्र करीब 31 वर्ष पिता सहदेव दास,सारवां थाना क्षेत्र अंतर्गत चारघरा गांव निवासी प्रदीप दास उम्र करीब 20 वर्ष पिता घुरन दास,मधुपर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरासोल ढाकुटिल्हा निवासी विक्रम कुमार दास उम्र करीब 20 वर्ष पित जगदेव दास,उत्तम कुमार दास उम्र करीब 20 वर्ष पिता राजेश दास,देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत केन्दुआ गांव निवासी कुन्दन कुमार दास उम्र करीब 34 वर्ष पिता गोबिन्द दास,अशोक कुमार दास उम्र करीब 34 वर्ष पिता बालेश्वर दास को जंगल झाड़ के पास छापेमारी कर गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार किये गये साइबर ठग ने पुलिस को बताया कि फर्जी फोन पे पेटीएम कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को कैश बैक का झांसा देकर फोन पे गिफ्ट कार्ड क्रिएट करवाकर उसे रिडीम कर ठगी करना।

फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को झांसे में लेकर एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से एयरटेल पेमेंट बैंक क्रेडिट कार्ड बंद कर उपभोक्ताओं को झांसा देकर तथा आम सहायता के रूप में कार्ड को पुनः चालू कराने के नाम पर झांसा देकर ठगी करना। व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर मोबाईल को हैक कर कस्टमर के मोबाईल पर आए हुए ओ0टी0पी0 का प्रयोग कर खाता से पैसा ठगी करता था।

# रंगदारी मांगने गये बदमाशों को पब्लिक ने खदेड़ा

## ग्रामिणों को गोलबंद होता देख फायरिंग कर फरार हुए आरोपी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** रिखिया थाना इलाके के लकड़ीगंज में जमीन बेचने के एवज में रंगदारी की मांग को लेकर हवाई फायरिंग किये जाने का मामला सामने आया है। हालांकि इस मामले में पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। सूत्रों ने बताया कि लकड़ीगंज के एक व्यक्ति से शहर के एक संगठित गिरोह द्वारा जमीन बेचने के एवज में रंगदारी की मांग की गयी थी। लेकिन इसी बीच उक्त गिरोह के सदस्यों को अन्य अपराधिक मामले में गिरफ्तार पुलिस ने जेल भेज दिया था। सूत्रों की माने तो जेल से छूटने के बाद उक्त गिरोह के 30-35 सदस्य बाइक से सोमवार को रंगदारी की मांग करने पहुंचे थे। बताया जाता है कि लकड़ीगंज के ग्रामीण गोलबंद हो गये और उक्त गिरोह के सदस्य को खदेड़ना शुरू कर दिया। बताया जाता है दहशत पैदा करने के लिये गिरोह के सदस्यों द्वारा फायरिंग किये जाने की बात सामने आयी है। सूत्रों की माने तो गिराहे के सदस्य ग्रामिणों को गोलबंद होता देख फायरिंग कर फरार हो गये। सूत्रों ने बताया कि जानकारी मिलते ही रिखिया पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी है।

### घर में घुसे चोर, लोगों ने खदेड़ा तो चला दी गोली

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के बाभनबीघा मोहल्ला में चोरों ने रविवार देर रात को एक बंद घर को निशाना बनाया। चोरों को चोरी करते मकान मालकिन ने सीसीटीवी कैमरे से कनेक्ट ऑनलाइन मोबाइल पर देख लिया। उपरांत उन्होंने अपने आसपास रहने वाले रिश्तेदार और पड़ोसी को फोन कर तुरंत जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही लोग हो हल्ला करते उनके घर के पास पहुंचे। इसके बाद चोर भागने लगे और इस दौरान उन्होंने फायरिंग भी कर दी। हालांकि इस घटना में गोली किसी को लगी नहीं। रिश्तेदार आदित्य कुमार ने बताया कि घर में रहने वाला परिवार इलाज के लिए बेंगलुरु गया है। घर पर ताला लटका देख चोर यहां देर रात पहुंचे। ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गए। इसी बीच चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, जिसे घर की मालकिन ने ऑनलाइन मोबाइल पर देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना फोन कर मोहल्लेवासियों को दी। मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे और शोर मचाना शुरू किया। इसके बाद चोर वहां से सामान लेकर भागने लगे। कई सामान भी रास्ते में गिर गया। चोर भागने लगे और इस दौरान उन्होंने फायरिंग भी कर दी। हालांकि इस घटना में गोली किसी को लगी नहीं। इधर, देर रात सूचना पर नगर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन किया।

# पानी की समस्या का समाधान प्राथमिकता : हफिजुल हसन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** राज्य के माननीय जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफ़ीज़ुल हसन साहब ने आज मधुपुर स्थित आवास पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, देवघर और मधुपुर के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रही पेयजल परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर चिंता जताई और इन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का सख्त निर्देश दिया।उन्होंने दो टूक कहा, जनता की पानी की समस्या का समाधान प्राथमिकता पर होना चाहिए। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में नए चापाकल निर्माण, सोलर आधारित पानी टंकी, नल-जल योजना और जल जीवन मिशन के तहत चल रही परियोजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। मंत्री हसन ने जोर देकर कहा, सभी योजनाओं को तय समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करना आवश्यक है, ताकि लोगों को पेयजल संकट से राहत मिले। स्वच्छता के मुद्दे पर उन्होंने शौचालय निर्माण और अन्य स्वच्छता योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए कहा,स्वच्छता और पेयजल दोनों एक-दूसरे से जुड़े हैं, इन पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मंत्री हसन ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ काम करें। उन्होंने कहा, यह सरकार की जिम्मेदारी है कि हर घर को स्वच्छ पानी मिले, और इसे पूरा करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। मंत्री ने इस बैठक के जरिए जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और अधिकारियों से हर हाल में परिणाम देने की अपेक्षा जताई।

# होटल में काम करने वाले युवक की संदिग्धावस्था में मौत, परिजन लगा रहे हैं हत्या का आरोप




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एम्स अस्पताल देवघर के बाहर स्थित एक निजी होटल में एक कर्मी का संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। जानकारी हो कि एम्स अस्पताल के बाहर स्थित पैराडाइज होटल में काम कर रहे युवक करों थाना क्षेत्र के जोड़मो स्थित चंदियाजोरी निवासी 21 वर्षीय रमेश रामानी पिता मंटू रवानी की मौत संदिग्ध अवस्था में गया है। जिसका शव पुलिस ने बरामद किया है। घटना की सूचना पर आसपास में सनसनी फैल गई। करीब दिन 10¬00 बजे के बाद उसके घर वालों को जानकारी मिली। उसके बाद वहां से परिजन और गांव से करीब सौ आदमी से अधिक घटना स्थल पर पहुंचे और होटल मालिक के द्वारा हत्या कर देने का आरोप लगा रहे हैं। परिजनों ने बताया कि उसे मारकर होटल के सोफे पर सुला दिया है। होटल में लगे सीसीटीवी कैमरा के साथ छेड़छाड़ किया गया है। होटल मुख्य दरवाजा पर स्थित होटल में ग्राहकों के लिए लगे सोफे पर ही मृत पाया गया है। परिजनों का कहना है कि आखिर मृतक अपना बेड पर सोता था, तो यहां के मृत कैसे पाया गया। मृतक के हाथ में दाग है। वहीं मुंह से झाग निकला हुआ है। बताया कि होटल में बीते छः महीना से काम कर रहा था। जो होटल में व्यंजन को बनाने और होम डिलीवरी का काम करता था। आसपास के लोगों ने बताया कि बीती रात को जल्दी ही होटल बंद कर दिया गया था, जबकि देर रात तक प्रत्येक होटल खुला रहता था। कई बिंदु को देखते हुए मृतक की हत्या से जोड़ कर देखा जा रहा है। मृतक युवक ने उत्पाद सिपाही के बहाली में दौड़ में सफल हुआ था। वे घर का एकलौता पुत्र था। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उसके परिजन सुरेश रमानी, बरुण रमानी, मुकेश रमानी, रामदेव रमानी, बसंत रमानी व ग्रामीण भुनेश्वर मंडल, श्रीधर मंडल आदि ने होटल मालिक पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। घटना के बाद शव को उठाने नहीं दिया है। वहीं देवीपुर थाना में दिनभर मुआवजे को लेकर बातचीत चल रही है। अभी तक कोई हल नहीं निकला है। फिलहाल देवीपुर पुलिस के द्वारा शव और होटल के बाहर पुलिस अधिकारी व पुलिस बल को तैनात किया है।

# बच्चों ने खंडोली में उठाया पिकनिक का लुत्फ



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेलवरना के बच्चों ने गिरीडीह जिले के खंडोली पर्यटन स्थल का भ्रमण कर पिकनिक का लुत्फ उठाया। पहली बार खंडोली पहुंच कर सभी बच्चे काफी आनंदित थे। एक साथ बस के माध्यम से शैक्षणिक भ्रमण को लेकर बच्चों में खुशी देखी गई। बच्चों ने जहां पार्क का भ्रमण किया वहीं लड़कों ने खंडोली पहाड़ भी चढ़ा। सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विश्वनाथ पंडित ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में उत्साह का संचार हुआ । अभिभावकों की अनुमति से बच्चे शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक का आनंद लिया।सहायक शिक्षक सह पिकनिक संयोजक दिलीप कुमार राय ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। बच्चों ने पिकनिक का आनंद लिया।विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बच्चों से परिचित भी हुए। गिरीडीह जिले के कई शिक्षकों से भी बच्चे रूबरू हुए।शैक्षणिक भ्रमण के मौके पर सहायक अध्यापक अनिता सहाय, राजेश्वर प्रसाद सिंह,ललन कुमार साह, अध्यक्ष पिंकू यादव, गिरीडीह के शिक्षक मुन्ना कुशवाहा, रोहित मंडल,बिजय नंदन त्रिवेदी समेत दर्जनों बच्चे पिकनिक में शामिल थे।

## लापता युवक का शव बरामद

**देवघर।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के बुतुरवाडीह गांव के कुएं से पुलिस ने सोमवार को एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक युवक की पहचान 22 वर्षीय गौतम कुमार दास के रूप में की गई है। पिछले आठ दिनों से लापता था। इसके बाद परिजन ने खोजबीन की। पर पता नहीं चलने पर मोहनपुर थाना में गुमसुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया था। इधर घटना के बाद परिजन रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलने के बाद मोहनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजन को सौंप दिया। बहराल पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

## पतंजलि योगपीठ में कल से 5 जनवरी तक होगी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** पतंजलि योगपीठ में स्वामी रामदेव महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण के सानिध्य में 1 जनवरी से लेकर 5 जनवरी तक पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देशभर के प्रमुख सदस्य एवं पदाधिकारी पहुंचेंगे। जिसमें राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह देवघर जिला प्रभारी अनुज कुमार त्यागी सोमवार को हरिद्वार के लिए प्रस्थान किये इनके साथ में युवा प्रभारी मनोज कुमार एवं योग शिक्षक सुबोध कुमार भी गए।झौसागढी गौशाला के उपाध्यक्ष विनोद सुल्तानिया ने अनुज कुमार त्यागी को माला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर योग गुरु शंभू कुमार बरनवाल,कार्यालय प्रभारी रोहित कुमार, मीडिया प्रभारी सुमित सौरव,रमेश यादव, अविनाश केसरी, शिव शंकर गुप्ता,अशोक सरावगी ,कपिल पंजीयारा, राजकुमार बरनवाल,रविकांत, रंजीत, सरिता,रेखा,रितु सुल्तानिया समेत अन्य सदस्यों ने भी मंगलमय यात्रा की कामना की।

## डॉ जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन




**देवघर।** डॉ जगन्नाथ मिश्रा महाविद्यालय, जसीडीह में दो दिवसीय अंतरविषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का अंतिम सत्र के साथ समापन कार्यक्रम हुआ।आज सोमवार के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अशोकानंद झा, उपाध्यक्ष, तक्षशिला विद्यापीठ,देवघर,विशिष्ट अतिथि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देवघर के निदेशक डॉ पी शरतचंद्रा,डॉ मनोज कुमार मिश्रा, पूर्व प्रोफेसर, सलाले विश्वविद्यालय, इथोपिया, डॉ सरोज कुमार मिश्र, सहायक निदेशक, इग्नू क्षेत्रीय केंद्र,देवघर उपस्थित थे। पहले सत्र में बीस शोधार्थी ने द्वारा शोध विषय की शोध पत्र प्रस्तुत किया। शोधार्थी सुमन कुमारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और सार्वजनिक पुस्तकालयों का समग्र योगदान ज्ञान के संवर्धन का नया युग स्वाति कुमारी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक अनुचिंतन एवं विमर्श रुपलता कुमारी द्वारा बिहार के प्रमुख गजल कारों की कृति में राष्ट्रीय झलक एक विश्लेषण कुमारी पुष्पांजलि स्वरूप द्वारा वैश्वीकरण के दौर में साहित्य में चित्रित नारी की दशा राजीव रंजन द्वारा आधुनिक समय में कौटिल्य के अर्थशास्त्र की प्रासंगिकता एक विश्लेषणात्मक अध्ययन भुवनेश्वर मांझी द्वारा कौटिल्य का सपांग सिद्धांत और इसकी प्रासंगिकता वेदिका एवं प्रशांत कुमार द्वारा मिथिला की ज्ञान परंपरा एक अध्ययन चंदन कुमार वर्मा द्वारा आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री आवास योजना का योगदान का शोध पत्र का प्रस्तुतीकरण किया सभी विशेषज्ञों ने शोध पत्र विषय के बारे में शोधार्थियों से प्रश्न उत्तर किया गया। सभी शोध पत्र की प्रस्तुति ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में की गई थी विशेषज्ञ भी कुछ मंच पर उपस्थित एवं विदेश के विशेषज्ञ ऑनलाइन से जुड़े हुए थे।

## पति-पत्नी ने जन्मदिन पर किया रक्तदान



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** स्वीटी मिश्रा ने अपने जन्मदिन पर रक्त दान कर के एक मिशाल कायम किया।यही नहीं इनके जन्मदिन पर इनके पति मनोज कुमार मिश्रा ने भी रक्त दान किया।इनके पति सदर अस्पताल देवघर में पैथोलॉजी में कार्यरत हैं।इस परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे के जन्मदिन पर रक्त दान करते हैंॉ


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल,देवघर**

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भवन प्रमंडल देवघर द्वारा प्रकाशित पी0 आर0 संख्या–342949 Building (24–25)#D के निविदा में निम्नानुसार संशोधित किया जाता है।

1. परिमाण विपत्र की विक्री की तिथि :– 06.01.2025 (1:00 बजे अपराह्न तक)
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 07.01.2025 (3:00 बजे अपराह्न तक)
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.01.2025 (3:30 बजे अपराह्न)

शेष सभी शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल देवघर।

PR 343243 (Building) 24-25 (D)

**उपायुक्त कार्यालय, साहेबगंज**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**–: आवश्यक सूचनाः–**

दिनांक 07.12.2024 से 14.12.2024 तक साहेबगंज जिलान्तर्गत चौकीदार पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन सं0–01/2024 का प्रकाशन करते हुए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदनों के विवरणी को कम्प्यूटर प्रविष्टि के उपरान्त चौकीदार नियुक्ति स्क्रीनिंग समिति द्वारा समर्पित प्रारंभिक सूची साहेबगंज जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.sahibganj.nic.in पर अपलोड किया गया है। उक्त प्रकाशित सूची में यदि किसी अभ्यर्थी को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति है तो दिनांक–30.12.2024 से दिनांक–06.01.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक विहित प्रपत्र में त्रुटि निराकरण हेतु अपना दावा/आपत्ति जिला सामान्य शाखा, साहेबगंज में समर्पित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि/समय के पश्चात् समर्पित दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त,
साहेबगंज

PR 343195 Sahabganj(24-25)#D

**जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय**
**गोड्डा**

**–: आम सूचना :–**

विभागीय निदेश के आलोक में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, गोड्डा में संविदा आधारित जिला कार्यक्रम प्रबंधक के एकल पद नियुक्ति हेतु दिनांकः–17.08.2024 तक योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन की माँग की गयी थी। अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में औपबंधिक सूची तैयार कर जिला आयुष चिकित्सा कार्यालय, गोड्डा के सूचना पट्ट एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट **godda.nic.in** पर प्रकाशित कर दिया गया है।

प्रकाशित सूची में संबंधित अभ्यर्थियों को यदि कोई दावा अथवा आपत्ति करना हों तो वे दिनांकः–14.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक जिला आयुष चिकित्सा कार्यालय, गोड्डा में हाथों–हाथ आवेदन देकर अथवा निबंधित डाक के माध्यम से दावा/आपत्ति समर्पित कर सकते है। साथ ही, अभ्यर्थी को दावा/आपत्ति आवेदन के साथ स्पष्ट रूप से दावा/आपत्ति के कारण के साथ–साथ साक्ष्य भी समर्पित करना अनिवार्य होगा।

विदित हो कि प्राप्त दावा/आपत्ति के निराकरण के पश्चात् अंतिम सूची जिला आयुष चिकित्सा कार्यालय, गोड्डा के सूचना पट्ट एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट **godda.nic.in** पर प्रकाशित कर दिया जायेगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी
गोड्डा

PR 343211 Godda (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–21/2024–25**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता , पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल संख्या–1 दुमका
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 06.01.2025 को 5.00 अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 07.01.2025 को 12.30 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 07.01.2025 को 3.00 बजे अपराह्ण। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल संख्या–1 दुमका । सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल दुमका–01। सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल काठीकुण्ड।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल संख्या–1 दुमका ।
8. कार्य की विवरणी :–

| क0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | योजना की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Raneshwar | (Awaiting administrative approval ) Construction of 200mm X 165mm X 305m deep high yield Drilled Tube well in different election Booth in Block Raneshwar for Assembly Election 2024 | 03 Nos | CAPF/RAN/DT-01 | 12,41,082.00 | 25000.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 02 | Shikaripara | (Awaiting administrative approval ) Construction of 200mm X 165mm X 305m deep high yield Drilled Tube well in different election Booth in Block Shikaripara for Assembly Election 2024 | 04 Nos | CAPF/SKP/DT-02 | 16,54,776.00 | 33100.00 | 5000.00 | 15 Days |

निविदा परिमाण विपत्र सहित विभागीय वेबसाईट www.dwsd.jharkhand.gov.in पर Upload रहेगा। इच्छुक संवेदक परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट से Download कर निविदा में भाग ले सकते है। संवेदक निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मुल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगें, जो कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका को भुगतेय होगा। निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता हैं।

(संजय कुमार) कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1,दुमका

PR.NO.343227 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

**कार्यालय नगर पंचायत, महागामा (गोड्डा)।**
npmahagama1@gmail.com

ज्ञापांक–798/न0पं0 दिनांक–28.12.2024

**–: आम सूचना :–**

झारखंड नगरपालिका अधिनियम–2011 की धारा–155 (1) एवं धारा–590 में प्रदत्त शक्तियों के तहत झारखण्ड राज्य के शहरी क्षेत्रों में धर्मशाला, विवाह भवन आदि के व्यवस्थित रूप से निर्माण, संचालन एवं नियंत्रण के लिए **झारखण्ड शहरी क्षेत्र धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall)/बैंकेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013 एवं Jharkhand Building Bye Laws-2016** प्रभावी है।

महागामा नगर पंचायत क्षेत्र के सभी छोटे–बड़े व्यवसायी जो झारखण्ड शहरी क्षेत्र धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall)/बैंकेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली–2013 एवं **Jharkhand Building Bye Laws-2016** के अंतर्गत आते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप अपने धर्मशाला/विवाह भवन/बैंकेट हॉल/लॉज एवं हॉस्टल का अनुज्ञप्ति एक सप्ताह के अन्दर नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर लें तथा आप अपने भवन का नगर पंचायत, महागामा द्वारा स्वीकृत नक्शा (Approved Map) की छायाप्रति प्रस्तुत करें अन्यथा अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं करने एवं नक्शा नहीं प्रस्तुत करने पर वैसे सभी धर्मशाला/विवाह भवन/बैंकेट हॉल/लॉज एवं हॉस्टल को अनाधिकृत घोषित कर उसके संचालन को पूर्णतः बंद करने तथा झारखंड नगरपालिका अधिनियम–2011 की धारा–436 के अधीन प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

अनुज्ञप्ति का न्यूनतम वार्षिक शुल्क निम्न प्रकार से निर्धारित है :–

| क्र0 | भवन का प्रकार | निर्मित क्षेत्र (Built up Area) | अनुज्ञप्ति का न्यूनतम वार्षिक शुल्क (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | धर्मशाला | 5000 वर्गफीट तक | ₹ 800.00 |
| | | 5001 वर्गफीट से उपर | ₹ 1,000.00 |
| 2 | विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall) | 5000 वर्गफीट तक | ₹ 7,500.00 |
| | | 5001 वर्गफीट से उपर | ₹ 10,000.00 |
| 3 | लॉज | 1–10 बेड | ₹ 800.00 |
| | | 11–20 बेड | ₹ 1,200.00 |
| | | 21–50 बेड | ₹ 1,500.00 |
| | | 50 से अधिक बेड | ₹ 2,000.00 |
| 4 | हॉस्टल | 1–10 बेड | ₹ 600.00 |
| | | 11–20 बेड | ₹ 800.00 |
| | | 21–50 बेड | ₹ 1,000.00 |
| | | 50 से अधिक बेड | ₹ 1,500.00 |

अधिक जानकारी के लिए नगर पंचायत, महागामा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही हेल्पलाईन नम्बर–8757159911 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, महागामा।

PR 343134 (Godda) 24-25 (D)

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड सरकार**
**आम सूचना**
**वित्तीय वर्ष 2024–25 में साहेबगंज जिलान्तर्गत माह– जनवरी, 2025 में आयोजित की जानेवाली दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन की सूची**

| क0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | शिविर आयोजन की तिथि | सम्बन्धित पशुचिकित्सा पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बोरियो | बड़ा रक्सो | 06.01.2025 एवं 07.01.2025 | डा0 मुरलीधर दिनकर मो0नं0– 7004066639 एवं डा0 उमेश कुमार, मो0–8603316675 |
| 2 | बोरियो | बांझी संथाली | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | |
| 3 | बरहेट | बोड़बांध | 01.01.2025 एवं 02.01.2025 | डा0 दीपक कुमार मो0नं0– 8935918591 |
| 4 | बरहेट | खैरवा | 03.01.2025 एवं 04.01.2025 | |
| 5 | बरहेट | पंचकठिया बाजार | 06.01.2025 एवं 07.01.2025 | |
| 6 | बरहेट | बरहेट बाजार | 08.01.2025 एवं 09.01.2025 | |
| 7 | बरहेट | भोगनाडीह | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | |
| 8 | बरहेट | बरहेट संथाली उत्तरी | 12.01.2025 एवं 13.01.2025 | |
| 9 | बरहेट | बरहेट संथाली दक्षिणी | 15.01.2025 एवं 16.01.2025 | |
| 10 | उधवा | उत्तर बेगमगंज | 01.01.2025 एवं 02.01.2025 | डा0 शिवेन्द्र प्रताप सिंह मो0नं0– 7897713635 |
| 11 | उधवा | दक्षिण बेगमगंज | 03.01.2025 एवं 04.01.2025 | |
| 12 | उधवा | पश्चिमी उधवा | 06.01.2025 एवं 07.01.2025 | |
| 13 | उधवा | दक्षिण पियारपुर | 08.01.2025 एवं 09.01.2025 | |
| 14 | उधवा | पतौड़ा | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | |
| 15 | उधवा | मध्य पियारपुर | 12.01.2025 एवं 13.01.2025 | |
| 16 | उधवा | उत्तर पियारपुर | 15.01.2025 एवं 16.01.2025 | |
| 17 | उधवा | अमानत दियारा | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | |
| 18 | उधवा | पूर्वी उधवा | 19.01.2025 एवं 20.01.2025 | |
| 19 | उधवा | पूर्वी उधवा दियारा | 21.01.2025 एवं 22.01.2025 | |
| 20 | उधवा | पश्चिमी उधवा दियारा | 23.01.2025 एवं 24.01.2025 | |
| 21 | बरहरवा | बरारी | 01.01.2025 एवं 02.01.2025 | डा0 एहतेशामुल हक मो0नं0– 7562959744 |
| 22 | बरहरवा | बिसनपुर | 03.01.2025 एवं 04.01.2025 | |
| 23 | बरहरवा | रतनपुर | 06.01.2025 एवं 07.01.2025 | |
| 24 | बरहरवा | बिन्दुपाड़ा | 08.01.2025 एवं 09.01.2025 | |
| 25 | बरहरवा | सातगाछी | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | |
| 26 | बरहरवा | रामनगर | 12.01.2025 एवं 13.01.2025 | |
| 27 | बरहरवा | रूपसपुर | 15.01.2025 एवं 16.01.2025 | |
| 28 | बरहरवा | मिर्जापुर | 17.01.2025 एवं 18.01.2025 | |
| 29 | बरहरवा | हस्तीपाड़ा | 19.01.2025 एवं 20.01.2025 | |
| 30 | बरहरवा | कालू | 21.01.2025 एवं 22.01.2025 | |
| 31 | राजमहल | पश्चिम नारायणपुर | 01.01.2025 एवं 02.01.2025 | डा0 शिवेन्द्र प्रताप सिंह मो0नं0– 7897713635 |
| 32 | राजमहल | गदाई महाराजपुर | 03.01.2025 एवं 04.01.2025 | |
| 33 | राजमहल | घाटजमनी | 06.01.2025 एवं 07.01.2025 | |
| 34 | राजमहल | पूर्वी जामनगर | 08.01.2025 एवं 09.01.2025 | |
| 35 | राजमहल | लालमाटी | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | |
| 36 | राजमहल | मध्य नारायणपुर | 12.01.2025 एवं 13.01.2025 | |
| 37 | राजमहल | पूर्वी नारायणपुर | 15.01.2025 एवं 16.01.2025 | |
| 38 | राजमहल | दाहुटोला | 16.01.2025 एवं 17.01.2025 | |
| 39 | मंडरो | तेतरिया | 03.01.2025 एवं 04.01.2025 | डा0 मुरलीधर दिनकर, मो0नं0–7654802914 |

नोट :– अपरिहार्य कारणवश शिविर आयोजन की तिथि एवं स्थल में परिवर्तन किया जा सकता है, विस्तृत जानकारी हेतु पशुपालक संबंधित प्रखण्ड के पशुचिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क करेंगे।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
साहेबगंज।

PR 343198 Animal Husbandry(24-25)D

## कोयला खदान के हाईवा चालक पर अज्ञात अपराधियों ने चलाई गोली, घायल

**गोड्डा ।** जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र स्थित हुर्रासी कोयला खदान के नजदीक हाईवा चालक को बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधी गोली मार कर फरार हो गया। वहीं घटना में हाइवा चालक के हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गया। घटना के बाद घायल चालक को महागामा रेफर अस्पताल पहुंचाया गया जहां घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। वही घायल की पहचान मो0 फैयाज अंसारी, ग्राम चित्रकोठी, थाना ललमटिया जिला गोड्डा के रूप में हुई है। घायल फैयाज ने बताया की वो बाइक से ड्यूटी जा रहा था इसी क्रम में ये घटना घटी है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अस्पताल पहुंचकर महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आज़ाद व इंस्पेक्टर उपेंद्र महतो ने घायल से घटना की जानकारी ली और हर बिंदु पर जांच पड़ताल कर रहे हैं, घायल को गोली लगने के बाद रेफरल अस्पताल में गोली निकाल लिया गया है। वहीं ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अर्चना मिश्रा ने बताया कि घायल को बाएं हाथ में गोली लगकर पार हो चुका है, और घायल खतरे से बाहर है। वहीं बेहतर उपचार के लिए घायल को सदर अस्पताल गोड्डा रेफर किया गया।

## कांग्रेसियों ने डॉ0 मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि




गोड्डा । जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 डॉ0 मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि दी गई। उक्त कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव उपस्थित थे। साथ ही दर्जनों शोकाकुल वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा दो मिनट का मौन रख कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। बताते चलें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह की 92 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया था जिसके शोक में डूबे कांग्रेसियों द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में शोक सभा रखी गई थी। वहीं श्रद्धांजलि सभा के दौरान झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने गहरी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि एक महान नेता, विद्वान और दूरदर्शी नेता को हमारे कांग्रेस परिवार ने खो दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल में राइट टू इनफार्मेशन (आरटीआई), राइट टू एजुकेशन (आरटीआई), खाद्य सुरक्षा कानून, विधायक दल बनाने का काम किया। प्रदीप यादव ने उनके कार्यकाल के बारे में बताते हुए कहा सेना से लेकर आर्थिक व्यवस्था को देश में सजग बनाने का काम किया था, देश को आर्थिक रूप से इतना मजबूत कर दिया कि आज भी उनके गुणगान पूरा विश्व कर रहा है। यहां तक जिस यूनिवर्सिटी से वह पढ़ कर वापस आए वहां पर उनकी लिखी हुई पुस्तक आज भी चल रही है। वहीं जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव ने कहा कि राष्ट्र के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। शोक सभा के वक्ताओं में प्रियव्रत झा, ज्योतेंद्र झा, अमरेंद्र कुमार अमर, सुशीला देवी, राकेश रोशन, अभय जायसवाल, सोनी सिंह, श्री कांत साह, नवल साह, महबूब अंसारी, सुबोध भंडारी, शिशिर कुमार झा, इकराउल हक आदि मौजूद थे।

## पोड़ैयाहाट बीडीओ के सरकारी आवास पर अपराधियों ने किया तोड़फोड़

**पोड़ैयाहाट ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी फुलेश्वर मुर्मू के सरकारी आवास पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा शनिवार की रात्रि तोड़फोड़ की गई है। वहीं बताया गया कि संयोगवश बीडीओ सह सीओ के बेटी की उस रात तबियत खराब होने की वजह से वे देवघर चले गए थे। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद सीओ वापस अपने सरकारी आवास पर पहुंचे और पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार को मामले को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। इस दौरान घटना के संबंध में सीओ श्री मुर्मू ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को अवैध परिवहन को लेकर कार्यवाही की गई है जिसमें वाहन मालिक प्रीतम सिंह व चालक कवाली दास को गिरफ्तार किया गया व जेल भी भेजा गया। उक्त मामले में बदसलूकी व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसको लेकर चर्चा का माहौल गर्म था। बीडीओ सह सीओ श्री मुर्मू ने घटना की आशंका जिप सदस्य के पति राघवेंद्र सिंह पर लगाया है। उन्होंने कहा कि लगातार अवैध परिवहन पर जिप सदस्य के द्वार पैरवी किया जा रहा था। एक तरह से धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा में डीसी के आदेश पर अवैध कार्य को रोकने का प्रयास कर रहा हूं। मुझ पर जानलेवा हमला का प्रयास किया गया है। वहीं थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मामले को लेकर घटना स्थल पर पहुंचा, मामले की सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। बीडीओ सह सीओ के बयान पर एक नामजद राघवेंद्र सिंह के खिलाफ कांड संख्या 153/24 दर्ज किया है। जल्द ही मामले का निष्पादन कर लिया जाएगा और दोषी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महागामा के जटहरीडीह में फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, धुनियाचक ने जीता खिताब



**महागामा।** प्रखंड के हसन करहरिया पंचायत के ग्राम जटहरीडीह में यूएआईसी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को सम्पन्न हुआ। 27 से 30 दिसंबर तक तीन दिनों तक चले प्रतियोगिता का उद्घाटन हसन करहरिया पंचायत की मुखिया नूरजहां खातून ने किया था। वहीं फाइनल मुकाबले के बाद उन्होंने विजेता टीम धुनियाचक, बिहार की टीम को प्रथम पुरस्कार ?25,000 का पुरस्कार प्रदान किया। जबकि द्वितीय पुरस्कार- 20,000 हिरकरहरिया की टीम को मिला। इस आयोजन के दौरान बच्चों के लिए 400 मीटर बालिका दौड़ का भी आयोजन किया गया। दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी शम्स नावेद, वसीम अकरम, जहांगीर अंसारी, भागीरथ ठाकुर और जिला परिषद प्रतिनिधि गरजेश समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। दर्शकों ने पूरे तीन दिनों तक खेल का भरपूर आनंद लिया। यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए एक मंच बना, बल्कि गांव में खेल के प्रति उत्साह और सौहार्द का माहौल भी पैदा किया।

## कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना जरूरी : डीसी



संवाददाता

**गोड्डा ।** उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में सोमवार को समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों का आधारभूत संरचना, पोषण ट्रैकर एप पर एंट्री सहित अन्य क्रियान्वित योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। वहीं समीक्षा के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रखने एवं निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया। पोषण ट्रैकर एप के अनुसार पूरक पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभुकों में गर्भवती महिला, धात्री महिला, विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों आदि की समीक्षा कर कुल लक्ष्य के विरुद्ध शत् प्रतिशत प्रविष्टि करने एवं रैंडम सर्वेक्षण कर सेविका को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जियो टैग फोटो उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया। पोषण माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जिले में सैम (अति गंभीर कुपोषित) एवं मैम (अति कुपोषित) बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम तथा कम उम्र में किशोरियों के होने वाले विवाह को रोकना पोषण माह कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं ताकि उनका समुचित विकास हो सके। मौके पर बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी रेखा भारती, रीजनल कोऑर्डिनेटर रूपक दीक्षित, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, समाज कल्याण विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

## आदिवासी पर्व के लिए सरकारी छुट्टी की मांग



**गोड्डा ।** आदिवासी समाज के सरकारी सेवकों , सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों ने विशेष अवकाश की मांग को लेकर झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रकाशित अवकाश तालिका 2025 में आदिवासी समुदाय के सरकारी नौकरी वालों के लिए एक भी दिन सरकारी अवकाश नहीं दिया गया है। आदिवासी समुदाय जनसंख्या की दृष्टि से झारखंड में सबसे बड़ी आबादी है।इसके महान पर्व त्योहार के लिए अवकाश नहीं दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आदिवासी के विभिन्न पर्वों के लिए अलग से अवकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। इनमें सोहराय पर्व के लिए नौ से 13 जनवरी 25 तक चार दिन, बाहा पर्व के लिए 11 से 12 मार्च तक दो दिन , एरोक या रथयात्रा के लिए 27 जून 25 को एक दिन, हरियाड़ या जन्माष्टमी पर्व 16 अगस्त 25 को एक दिन, दसाय पर्व के लिए 29 सितंबर से दो अक्टूबर तक चार दिन एवं कराम पूजा के लिए पांच नवंबर 25 को अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में ईश्वर हेम्ब्रम, शक्ति कपूर मुर्मू, सुजल बास्की एवं राजेश हेम्ब्रम शामिल थे।

## साल 2024 में वंचितों को न्याय सुलभ कराने में डालसा ने बढ़ाए कदम

**गोड्डा ।** वर्ष 2024 में जिले वासियों को न्याय सुलभ कराने कराने के मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रयास उल्लेखनीय रहा। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के अभिवंचितों, वंदियों, पीड़ितों व जरुरतमंदों को न्याय सुलभ कराने के जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, विशेष मध्यस्थता शिविर, मेगा सशक्तिकरण शिविर, चलंत लोक अदालत, विशेष जागरुकता शिविर आयोजित कर आम लोगों को अधिकार की जानकारी दी गई वहीं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराए गए।लोक अदालतों में 33 हजार मामले निष्पादित प्रत्येक माह लोक अदालत व वर्ष में चार बार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से विभिन्न् मामलों से संबंधित वादों का उभय पक्षों की उपस्थिति में निपटारा कराया जाता है। जनवरी से दिसंबर तक 33 हजार से अधिक मामले का निष्पादन कराया गया जबकि 50 करोड़ से अधिक की राशि का समझौता कराया गया। वहीं प्रतिकर मुआवजा के तहत सामूहिक दुष्कर्म व विभिन्न मामले की पीड़िता को लाभ सुनिश्चित कराया गया।**51 पंचायतों में लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर की स्थापना**जिले के अभिवंचितों को नालसा की 12 स्कीमों व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित कराने व अधिकारों के प्रति जवाबदेह बनाने को लेकर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिले के नौ प्रखंडों के 51 पंचायत भवनों में लीगल सपोर्ट एंड केयर सेंटर की स्थापना की गई है। इसमें गोड्डा प्रखंड में नुनबट्टा, कुढ़ीकुड़ा, गायछंद, घाट मंजवारा, सैदापुर, पैरडीह, अमलो एवं निपनियां पंचायत। पोड़ैयाहाट प्रखंड में बक्सरा, रतनपुर, सासाढ़ी माधुरी, धेनुकट्टा, पिंडराहाट, सिदवांक, सोंडिहा एवं ठाकुरनहान पंचायत। पथरगामा के चिलकारा, परसमानी, महेशलिटी, कस्तूरिया एवं लखनपहाड़ी पंचायत। बोआरीजोर में डुमरिया, बड़ा बोआरीजोर, मेघी, जामु झरना एवं राजाभिठा पंचायत। बसंतराय प्रखंड में सुस्ती, जमनीकोला, डेरमा एवं सांचपुर सांखी पंचायत। सुंदरपहाड़ी में तिलाबाद, बड़ा सिंदरी एवं चंदना पंचायत। ठाकुरगंगटी में खरखोदिया, बनियाडीह, पंजराडीह एवं चांदा पंचायत। महागामा में गम्हरिया, परसा, नयानगर, समरी, कुशमारा, दिग्घी एवं खोरर्द । मेहरमा में सिमानपुर, शंकरपुर, लकड़मारा, डोड़ा, मधुरा एवं धनकुड़िया पंचायत शामिल हैं। यहां आम लोगों को न्याय सुलभ कराने को लेकर अधिकार मित्र सह पीएलवी का पदस्थापन किया गया है। वहीं जिले के सभी थाना में भी अधिकार मित्रों का पदस्थापन किया गया है। जबकि प्रखंड स्तर पर पूर्व से ही अधिकार मित्र पदस्थापित हैं।**24 उच्च विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब गठित** बच्चों को समय- समय पर कानूनी, नालसा के विभिन्न स्कीमों सहित विविध जानकारी मुहैया कराने को लेकर जिले के 24 उच्च विद्यालयों में लीगल लिटरेसी क्लब की स्थापना की गई है। इसमें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट प्लस टू विद्यालय गोड्डा, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय गोड्डा, सभी कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, महेशपुर उच्च विद्यालय, बसंतराय उच्च विद्यालय, जमनी उच्च विद्यालय, कुर्मीचक उच्च विद्यालय, मालिनी उच्च विद्यालय, लुकुलकी उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय महागामा आदि शामिल हैं।

## खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित



**ठाकुरगंगटी ।** (गोड्डा) खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र गोड्डा अंतर्गत डी डी सी क्लब कदमा द्वारा रूंजी पंचायत के कदमा मैदान पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। रविवार को खेलकूद प्रतियोगिता प्रारंभ हुई थी और सोमवार को क्लब के अध्यक्ष सरोज दत्त सोरेन द्वारा प्रतिभागियों को मेडल पहनकर सम्मानित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस खेल और दौड़ आदि प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के 15 वर्ष से 29 वर्ष तक के युवाओं, युवतियों ने भाग लिया था।युवाओं के लिए फुटबॉल प्रतियोगिता, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि कराया गया। वहीं युवतियों के लिए समूह कबड्डी और दो सौ मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिता कराई गई। फुटबॉल प्रतियोगिता में आशा खापड़ गांव के टीमों के खिलाड़ियों ने विजय प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बासमती किस्कू की कबड्डी की टीम ने विजय प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में मुनीलाल किस्कू ने एवं 200 मीटर दौड़ में राखी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में मुनीलाल किस्कू और रस्सी कूद में सुशीला किस्कू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रमाण पत्र वितरित करने से पूर्व क्लब के अध्यक्ष सरोज दास सोरेन ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी अति आवश्यक है। खेल से शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार का विकास होता है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल खेलना भी अति आवश्यक है। खेल खेलते समय सामने वाले प्रतिद्वंदियों को अपना मित्र समझना चाहिए। सभी प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों के साथ हमेशा मित्रवत व्यवहार करनी चाहिए। क्योंकि खेल में जीत और हार लगी रहती है।

## जामताड़ा से 4 खिलाड़ी क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए टाटा रवाना

**जामताड़ा ।** झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित 16वीं क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने के लिए जामताड़ा रेलवे स्टेशन से चार खिलाड़ी टाटा जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर 2024 को यू सी ई एल ग्राउंड, सुन्दर नगर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में काजल कुमार (6 किलोमीटर), संतोष कुमार (2 किलोमीटर), स प्रताप राव (10 किलोमीटर), और नीतू कुमारी (2 किलोमीटर) शामिल हैं। ये खिलाड़ी आज टाटा दानापुर ट्रेन से रवाना हुए। संघ के सचिव सरोज यादव ने बताया कि क्रॉस कंट्री एक विशिष्ट प्रकार की दौड़ है, जो खुले मैदानों और प्राकृतिक भूभाग पर होती है। यह दौड़ आमतौर पर पहाड़ियों पर चढ़ाई और उतराई को शामिल करती है, जो इसे अन्य दौड़ों से अलग बनाती है। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे। जिला संघ के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं, और खिलाड़ियों के साथ विवेक रजक, मनोज कुमार, राजीव साव, सुमित ओझा, छोटेलाल कामत, देवाशीष मुखर्जी, राजेश कुमार, शाहिब मंडल और विष्णु सेन भी

## झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**गोड्डा ।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य अध्यक्ष दिवाकर महतो के नेतृत्व में दुमका जिला इकाई एवं गोड्डा जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा पोड़ैयाहाट विधानसभा के विधायक प्रदीप कुमार यादव के आवास पर उनको अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सह अभिनंदन किया गया तथा उनको संघ द्वारा एक ज्ञापन दिया गया। जिनमें सभी कोटि के माध्यमिक के शिक्षकों को एमएसीपी की प्रोन्नति, सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के 50 प्रतिशत प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति एवं 50 प्रतिशत शिक्षण अनुभव के आधार पर सीधी भर्ती, सभी कोटि के उच्च विद्यालय में पुस्तकालय के संचालन हेतु लाइब्रेरियन एवं विद्यालय में रात्रि प्रहरी का पद सृजन एवं नियुक्ति, अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षकों को सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के समान सभी सुविधाएं देना। मौके पर दुमका जिला के सेवानिवृत शिक्षक बैद्यनाथ सिंह, परीक्षा सचिव काशीनाथ महतो, मशगूल अंसारी, परीक्षा अध्यक्ष जुलकर अंसारी एवं गोड्डा जिला के जिला अध्यक्ष शम्स परवेज, जिला सचिव आशुतोष पांडे, झारोटेफ जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुमन कुमार, अवध ठाकुर, अशोक कुमार, मु0 जहीर, नीरज कुमार सिंह, अजय पोद्दार, मु0 इम्तियाज, अब्दुल बारी, कुंदन कुमार पंडित, दाऊद आलम, सरोज कुमार, चंदन कुमार, अजय यादव, विभाष यादव, जितेंद्र कुमार,रामाकांत सिंह एवं गोड्डा जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड स्तर के पदाधिकारी गण तथा अन्य सभी सक्रिय सदस्य गण उपस्थित थे।

## घटवाल, घाटवर नव युवा समिति की बैठक

**संवाददाता नाला** (जामताड़ा)-- सोमवार को जुड़ीडंगाल गांव में घटवाल/ घटवार नवयुव समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भीम राय ने की। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष प्रहलाद राय, सचिव नंदलाल राय, उत्तम राय, विद्युत राय सहदेब राय आदि की मौजूदगी में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले 8 जनवरी को टिकैत उमराव सिंह का शहदत दिवस मनाया जाएगा। इसके अलावा बैठक के दौरान घटवाल /घटवारा जाति का जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण उक्त बिंदुओं पर गणनाता पूर्वक चर्चा की गई साथ ही आगामी रणनीति के बारे में भी निर्णय लिया गया।

## घर में लगी आग में सारा सामान जलकर हुआ राख

**बसंतराय ।** प्रखंड के नकटा गांव में मो0 जमाल के घर में भीषण आग लग गई जिसमें करीब लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। वही घर वालों ने बताया कि यहां पास में शनिवार को साप्ताहिक हाट लगती है, हमलोग शाम के समय हाट चले गए थे तभी घर में आग लग गई। आग लगने का पता हमें पड़ोस के लोगों ने दिया। जब लोगों ने घर में लगे आग की लपटों को देखा और बहुत ज्यादा धुंआ उठता हुआ देखा तो गांव सहित पूरे हटिया में अफरातफरी मच गई। वहीं गृह स्वामी जब तक अपने घर तक पहुंच पाते पूरा घर जलकर राख हो चुका था। घर फूस का बना हुआ था जिस कारण इतनी जल्दी में घर जलकर राख हो गया। वही आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जैसे तैसे आग को बुझा दिया गया पर तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। वहीं बताया गया कि मो0 जमाल और उनकी पत्नी बीबी नबीशा खातून फूस के बने हुए घर में रहते थे फूस में आग लगने के कारण तेजी से सारा सामान जलकर राख हो गया, सामान को बचाने का भी मौका नहीं मिला। बीबी नबीशा खातून ने बताया कि खाने पीने से लेकर पहनने तक का सामान आग में जल गया। वही खाद्य सामग्री और अंग वस्त्र के साथ साथ घर के दो बच्चे भी घायल बताए जा रहे है, उनके साथ साथ मवेशी भी घायल बताया जा रह है। वही नबीशा ने कहा कि हमारा आशियाना उजड़ गया। इस आगजनी में लगभग लाखों का नुकसान हो गया। वही आगजनी के बाद स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार का अपने स्तर से मदद भी किया।

## नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया साथी की हुई समीक्षात्मक बैठक



**संवाददाता नाला** (जामताड़ा)-- सोमवार को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी की अध्यक्षता में सहिया साथी की समीक्षात्मक बैठक हुई। इस अवसर पर एसटीटी तथा बीटीटी भी मौजूद रहे। मालूम हो कि इस दौरान खासकर परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, एमटीसी, पीएलए, भीएचएसएनसी, जेएएस,सीबीएसी फॉर्म, नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रस्व आदि बिंदुओं पर प्रगति समीक्षा की गई। इस दौरान सभी सहिया साथी को पी एल ए 12 नंबर की बैठक का रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। वहीं महिला बंध्याकरण तथा एनएसभी( पुरुष नसबंदी) के लाभुक को लाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू एमटीएस अहमद रेजा परवेज, एसटीटी लक्ष्मी मंडल, बीटीटी अंजू माजी,बीटीटी प्रदीप कर,बीटीटी बलदेव मरांडी, एमपीडब्ल्यू प्रदीप टुडू, एमपीडब्ल्यू शांतिमय मंडल, मान कुमारी घोष, बबीता भुंई, भादू पातर, चित्रा मंडल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## भाकपा माले के द्वारा घोलजोड़ मोड़ पर गृह मंत्री का पुतला दहन



**संवाददाता नाला(** जामताड़ा)-- सोमवार को घोलजोड़ मोड़ में बाम महासंघ के आह्वान पर भाकपा माले के बैनर तले जिला सचिव सुनील राणा के नेतृत्व में डॉ0 भिमराव अम्बेडकर के उपर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ में अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस दौरान विभिन्न नारेबाजी की गई इस क्रम में ÷अमित शाह माफी मांगो÷,संविधान पर अपमान नहीं सहेंगे÷,डॉ भिमराव आम्बेडकर के उपर अपमान नहीं सहेंगे÷,÷भाजपा मुरादाबाद÷ अमित शाह को बर्खास्त करो आदि नारेबाजी की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद जिला सचिव कॉमरेड सुनील राणा ने कहा कि भाजपा के अमित शाह जिस तरह से संसद में डॉ0 भिमराव अम्बेडकर के नाम को लेकर टिप्पणी किया है,इससे साफ स्पष्ट होता है कि भाजपा के लोग कभी भी संविधान के पक्ष में नहीं रहा है। अगर रहता तो संविधान निर्माण में जो कितने देश भक्त कुर्बानी दिया है। इसका दुःख दर्द रहता। भाजपा अनवरत संविधान के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों के चल रहे आंदोलन के प्रति सरकार का दमनात्मक और अड़ियल रवैया निंदनीय है उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करे और पीटी परीक्षा अविलंब रद्द करें। इस अवसर पर कॉमरेड जिला सचिव सुनील राणा,नाला प्रखंड सचिव सुशील मोहली,पकुड़िया पंचायत सचिव कॉमरेड तपन हांसदा, रविलाल टुडू, सुनील मोहली, बिरसिंह मरांडी, ललीत हांसदा, सुशील मुर्मू, स्वपन कर्मकार, श्यामल मोहली, धनमुनी टुडू, मंगल मोहली, देवीश्वर हेम्ब्रम, वीरसिंह मोहली, लालटु मोहली सहित अन्य कॉमरेड मौजूद थे।

## संविधान के जनक का अपमान करनेवालों पर हो कार्रवाई



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** देशव्यापी कार्यक्रम के तहत वामपंथियों के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सोमवार को पूरे देश में गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन कार्यक्रम के तहत सोमवार को कुंडहित हटिया मैदान तथा सोनाचोरा गांव में सीपीआईएम एवं सीपीआईएमएलके कार्यकर्ताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन के साथ सोमलाल मिर्धा की अध्यक्षता में गृहमंत्री अमित साह का पुतला दहन किया गया।विदित हो की बीते 17 दिसंबर को राज्यसभा में अमित शाह के द्वारा देश के संविधान के जनक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर जिस तरह से अपमानजनक टिप्पणी की गई थी। उसे पूरे देश के संविधान प्रेमी लोग आहत में है ।इस कार्यक्रम के तहत पूरे देश में सोमवार को वामपंथी पार्टियों के सदस्यों के द्वारा अमित शाह के उस अपमानजनक बयान के विरोध में पुतला दहन के साथ-साथ गृहमंत्री अमित शाह की ईस्तीफे की मांग भी की गई । लोगों ने आक्रोश के साथ नारा लगाया कि बाबा साहब भीमराव का अपमान- नहीं सहेगा हिंदुस्तान, फांसीवादी ताकत को परास्त करों ,संविधान की रक्षा कौन करेंगे -हम करेंगे ,हम करेंगे, संविधान पर हमला नहीं चलेगा, बाबा साहब पर अपमानजनक टिप्पणी वापस लो, अमित शाह इस्तीफा दो आदि नारा लगाया। कुंडहित प्रखंड के उक्त दोनों कार्यक्रमों में शामिल सीपीआईएम के जिला कमेटी के सदस्य सुकुमार वाउरी , लखीराम मुर्मू एवं लखी सोरेन के साथ-साथ सीपीआई एमएल के सोमलाल मिर्धा, फूलमनी हेम्बरम , श्रीजल हांसदा, परेश माल, ममता राणा ,आशा मिर्धा ,सचिन राणा ,सीता कर्मकार, संजय वाउरी, नीताई डोम ,मिता कर्मकार, संध्या राणा आदि उपस्थित रहे।

## जीपीएल का भव्य समापन, नंदन वॉरियर्स की टीम बनी चैंपियन



संवाददाता

**गोड्डा ।** गोड्डा प्रीमियर लीग में पहली बार शिरकत करने वाली नंदन वॉरियर्स की टीम ने हर क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का खिताब अपने नाम किया। रविवार को जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित गोड्डा प्रीमियर लीग के ग्यारहवां सीजन का खिताब नंदन वॉरियर्स ने जीत लिया। नंदन वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत से चैंपियन की तरह खेल खेलते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 177 रन का स्कोर बनाया। टीम की ओर से वैभव यादव ने 41 बॉल में 58 रन एवं आयुष कुमार ने 48 बॉल पर 69 रन की पारी खेली। गोड्डा टाइगर के कप्तान सिद्धार्थ ने दो विकेट प्राप्त किया।जवाबी पारी में गोड्डा टाइगर की टीम सिद्धार्थ एवं राजेश कुमार के दूसरे विकेट के लिए 69 रन के पार्टनरशिप की बदौलत अच्छी स्थिति में थी। लेकिन सिद्धार्थ के विकेट गिरने के साथ ही टीम लड़खड़ा गई और 143 रन पर ऑल आउट हो गई। सिद्धार्थ ने 31 एवं राजेश ने 37 रन की पारी खेली। वैभव यादव ने दो विकेट प्राप्त किया। फाइनल मैच को देखने पूरा गांधी मैदान खचाखच दर्शकों से भरा हुआ था। गैलरी के ऊपर भी दर्शकों की भीड़ जमा थी। मैच के दौरान बैंड बाजा एवं पटाखा से ग्राउंड गूंज रहा था।टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार वैभव यादव को, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार सिद्धार्थ कुमार को, बेस्ट फील्डर का पुरस्कार उत्तम झा को, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वैभव यादव को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज सिद्धार्थ कुमार को डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने एलईडी टीवी देकर सम्मानित किया।

**शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों को किया गया सम्मानित** वहीं फाइनल मैच में जिला क्रिकेट संघ ने जिले के वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया। डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर नरेंद्र कुमार, डॉक्टर दिलीप चौधरी, डॉक्टर प्रभा रानी, डॉक्टर जी अली को मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डॉक्टर अशोक कुमार ने फेयर प्ले ट्रॉफी प्रदान करते हुए अपने संबोधन में कहा कि 39 वर्षों के दरम्यान खेल मंच पर पहली बार इतना सम्मान मिला, इसके लिए जिला क्रिकेट संघ को धन्यवाद। उपविजेता टीम को जेएससीए के संयुक्त सचिव पीएन सिंह ने ट्रॉफी प्रदान किया। श्री सिंह ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रंजन कुमार की कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की।मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने कहा कि यह आयोजन काफी शानदार रहा।उन्होंने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपलोग हेलमेट पहनकर खेलें। गर्ल्स टीम को डॉक्टर प्रभा रानी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मंच संचालन मोहम्मद किरमान अंसारी ने किया। इस अवसर पर सहकारिता बैंक की निदेशक अर्चना झा, प्रलय सिंह, समीर दुबे, हरिकिशोर साह, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रंजन कुमार, अमित बोस, संजीव कुमार, सनोज कुमार, डॉक्टर मौसम ठाकुर, मुकेश मंडल, अजीत, बीरेंद्र मंडल, अंजन, विनीत सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## तोपाक् एना तो़पो़ल



**- शांति बास्की**
**(यूजी-सेम 6, गोड्डा कॉलेज गोड्डा)**

दुला़ड़ रेयाक् निसा़ना,
बेगार सा़ंगिञेना,
आमाक् एम दुला़ड़,
ताहेंयेना आदो तारा,
सिबिल मो़ने रो़पो़ड़ गाते एन आतरा,
चेका तेचोम हिड़िञकेत्,
मित् बेड़ा पारो़म गे दुला़ड़ेन आञ्जेत्,
दुला़ड़ रेयाक् तो़नो़ल पारो़म केदाम लेबेत्,
आम दो़म तोपाक् केदा दुला़ड़ रेयाक् तो़नो़ल सिकड़ी
ओ़को़येम हो़रो़क् केदे गाते ईञ ञुतुम साङखा चुड़ी ,
चेकातेम हिड़िञ केदा गाते,
ताहेंन काथा सांवते,
आलाङाक् दुला़ड़ रेयाक् चिन्हा़ आम दो़म लो़टो़म केदा,
चेकातेम हिड़िञ केदा गाते तो़नो़ल
दुला़ड़ दो़ ?

# आयमा उता़र नकली विदेशी पा़उरा़को हाजो़त केदा, साप् केदेयाको मित् हो़ड़

**खोबोरिया**

**पलामू।** नावां बो़छो़र रे पा़उरा़ रेयाक् बेआईनी बेपार ञेलाते उत्पाद विभाग सेच् खो़न कार्रवाई दो़ ता़पिस आकाना। नोआ तोंगे रे पलामू जिला रेयाक् मनातू थाना टोठा रे कार्रवाई काते आयमा उता़रनकली विदेशी पा़उरा़को हाजो़त केदा। विभाग दो़ नोआ जा़पुत् काते 45.810 लीटर विदेशी पा़उरा़ हाजो़त तुलुचृ नोआ धंधा रे सेलेत्मेनाय मित्टेन दुसीको साप् केदेया, आर से नो़ते बारया दो़किन दा़ड़ताप् केदा। उनकिन साप्किन ला़गित् कार्रवाई होयोक् काना।

साप्किन दुसीयाक् पाछनाव दो़ मनातू बाजार रेन गिरा़बा़सी पवन कुमार गुप्ता (28) रूप रे होय आकाना। आर से नो़ते दा़ड़ आकात् दुसी मुद रे प्रिंस कुमार आर मनीष कुमार सेलेत् मेनाया।

उत्पाद विभाग सेच् खो़न ओ़तेमाहां हिलोक् लाई आकाना जे सिंगेमाहां हिलोक् भितरी-भितरी ते खो़बो़र ञाम लेना जे जिला रेयाक् मनाजू बाजार रे मनीष कुमार आर पवन कुमार गुप्तावाक् ओडाक् रे नकलीपा़उरा़को बेनावेत्कान ताहेंकाना आर ओना दो़ नावां बो़छो़र रे आखरिञ ला़गित्को सा़ड़ावाकान ताहेंकाना।

ञाम आकान खो़बो़र लेकाते र उत्पाद विभाग रेन अवर निरीक्षक अनूपप्रकाश आर गृह रक्षक रेन दो़ल दो़ मनातू बाजार रेको जा़पुत् केदा। नोंडे खो़न नकली विदेशी पा़उरा़ इंपीरियल ब्लू व्हिस्की आर बी सात ब्रांड रेयाक् पा़उरा़ आयमा उता़र खा़ली बो़तो़लको ञाम केदा।



# लो़न माफओचोय ला़गित् गातेको साँवते मित् काते आच् बा़हूको गो़च् केदेया, पे हो़ड़ दो़को साप् एना

**खोबोरिया**

**कोडरमा।** गाड़ी रेयाक् लो़न माफ ओचोय ला़गित् गातेको सांवते मिला़उ काते आच् बा़हूको गो़च् केदेया आर नोआ सो़ड़ो़क घो़टो़ना रेयाक् रूपको एमावादा। मामला रेयाक् पुलिस दो़ साप् ञाम तुलुच् पेहो़ड़ दो़को साप् आकात्कोआ। पुलिस दो़ नोआ मामला रे कृष्ण यादव, मोह मद मिनहाज अंसारी आर मोह मद सरफ़राज अंसारीताको



साप्को तुलुच् मित् बलेनो कार, मित् टीवीएस मोटरसाइकिल आर पेया मोबाइलको जाको़ड़ आकादा। पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह दो़ सोमवार हिलोक् ञुहुम खो़बो़रियाकोय लायात्कोआ जे मो़ड़ें दिसंबर हिलोक् कोडरमा थाना रे मित्टेन मायजिवाक् सो़ड़ो़क घो़टो़ना रेय गो़च्लेन रेयाक् ला़लिस लेदाको। सेंदरा तोलास ओ़कते मायजिवा दो़को गो़च् आकादे मामला सामाङ हेच् लेना। इना़ तायो़म अनुमंडल पुलिसपदाधिकारी आर कोडरमा थाना प्रभारीयाक् आ़युर रे मित् विशेषटीम गो़ठो़न केदा। टीम होतेते मायजिव आच् जावांय कृष्णा यादव दो़को कुली केदे रे बाडाय एना जे गो़च्एन आर उनी जावांय ताला रे बापला तायो़म खो़न गेकिन झागड़ाक् कान ताहेंना। कृष्ण यादव दो़ आच् बा़हू जुतुम रे पोन चाका गाड़ी, बार चाका गाड़ी आर मित् दो़ल लो़न दो़हाताव लेदा। नोआ रेयाक् किश्त बाय जो़मा सो़द दाड़ेयाक्कान ताहेंना।नोआ रे कृष्ण यादव रेन गातेको सोलहावादेया जे जुदी आम बा़हूय गो़जो़क् काना तो़बे जो़तो़ लो़न माफ गो़दो़क्तामा। इना़ तायो़मकृष्ण यादव दो़ आच् रेन एटाक् गातेको सांवते मित् काते आच् बा़हूहो़टो़क् लिंबा़त् कातेको गो़जे काना आर इना़ तायो़म सा़बुद उकूय ला़गित् सो़ड़ो़क घो़टो़ना रूप बो़लेको एम आकावादा।

# नावां बो़छो़र बो़लो़क् लाहा रे नामडाक ञेलजो़ड़ जायगाको रे ञिन्दा़ रेयाक् तापमान रे को़माव

**खोबोरिया**

**श्रीनगर।** नावां बो़छो़र बो़लो़क् लाहा रे नामडाक ञेलजो़ड़ जायगाकोरे ञिन्दा़ रेयाक् तापमान रे आ़डी को़माव आकाना। अधिकारीको ला़ई केदा जे सोमवार हिलोक् गुलमार्ग रे को़मउता़र तापमान शून्यखो़न लातार 10.0 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम रे शून्य खो़न लातार 9.2 डिग्री सेल्सियस आर सोनमार्ग रे शून्य खो़न लातार 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज आकाना। श्रीनगर रे मौसम विज्ञान केंद्र दो़य मेन केदा जे बारया पश्चिमी विक्षोभ ज मू आर कश्मीर ए प्रभावित दाड़ेयाक्आ। नोआ विक्षोभकोखा़तिर 1 जनवरी ञुहुम आर 2 जनवरी सेताक् ओ़कते छिटपुट इलाका रे हालका बो़रो़फ़ज़ा़ड़ीक् रेयाक् संभावना मेनाक्आ। मेन केदायजे 3 खो़न 6 जनवरी ओ़कते मध्यम पश्चिमी विक्षोभ हिजुक्आ आर



कश्मीरसंभाग रेयाक् आयमा ठा़ंव आर ज मू संभाग रेयाक् छिटपुट ठा़ंवको रे हालका माछा बो़रो़फ़ज़ा़ड़ी होय दाड़ेयाक्आ। मौसम विभाग दो़य मेनकेदा जे बो़छो़र मुचा़त् हा़बिच् कश्मीर घाटी रे रेयाड़ हो़यबानाव ताहेंना। मौसम विभाग दो़ मित् सोलहा होंय जारी आकादा नोआ रेमेन आकाना जे बो़रो़फ़ज़ा़ड़ी, शून्य खो़न लातार तापमान आर ज मूकश्मीर रेयाक् टा़ण्डी इलाका आर उसुल इलाका घालो़क् सो़ड़ो़करे बर्फीली हालो़त ञेल तुलुच् ञेलानियाको, सांगारियाको, ट्रांसपोर्टरको प्रशासन आर यातायात परामर्श रेयाक् पालो़न ला़गित् सोलहा एमावाको काना। पारो़मेन ञिन्दा़ रेयाक् शून्य खो़न लातार 8.0 डिग्री सेल्सियस मुकाबला शून्य खो़न लातार 9.2 डिग्री सेल्सियसको़मउता़र तापमान दर्ज एना आर सोमवार हिलोक् दक्षिण कश्मीर रेयाक् अनंतनाग जिला रे चरवाहको रेयाक् घाटी ला़गित् नोआ दो़ साधारो़न ते 6.0 डिग्री सेल्सियस को़म ताहेंकाना। नावां बो़छो़र रा़सका़क् लाहा रे ताला कश्मीर रेयाक् गांदरबल रे सुर य सोनमर्ग रेयाक् तापमान शून्य खो़न लातार 9.9 डिग्री सेल्सियस हा़बिच् ञुरहा़एना। श्रीनगर रे को़मउता़र तापमान शून्य खो़न लातार 0.9 डिग्रीसेल्सियस दर्ज एना। कोकरनाग रे शून्य खो़न लातार 2.4 डिग्री सेल्सियस काजीगुंड रे को़मउता़र तापमान शून्य खो़न लातार 2.8 डिग्री सेल्सियसताहेंयेना। मौसम विभाग दो़य मेन केदा जे उत्तरी कश्मीर रेयाक् सीमांत कश्मीर जिला कुपवाड़ा रे ञिन्दा़ रेयाक् तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज एना।

# जो़सतेत् निट काते खिला़ड़ो़क् ते जितका़र जा़रूड़ गे ञामो़क्आ : विधायक

**खोबोरिया**

**हजारीबाग।** हजारीबाग तीरंदाजी संघ सेच् खो़न ओराम नौवीं जिलातीरंदाजी चैं पयनशिप रेयाक् सोमवार हिलोक् हजारीबाग स्टेडियम रेमो़ंज ते होय मुचा़त् एना। नोआ दो़ बार माहांकिया़ ओराम रेखिला़ड़ीको आर खेल प्रेमीको ला़गित् खास अनुभव ताहेंयेना। हापाराव मुचा़त् दिन रे आसो़ल पेड़ा रूप रे हजारीबाग सदर विधायक प्रदीपप्रसाद दो़य सेटेर एना। विधायक दो़ आच् गे तीरंदाजी खेल रा़सका़ एना। सांवते गे खिला़ड़ीकोवाक् हौंसला बाढाव तुलुच् ओनको जो़सतेत् निट काते एनेच् खिला़ड़ ला़गित्ए



मेतात्कोआ। उनी दो़य मेन केदा जे जो़स निट काते खिला़ड ते जा़रूड़ गे जितका़र ञामो़क्आ। नोडकानखेल ओराम ते बाङ एकेन जुवा़नको खिला़ड़ ला़गित्ए उसकुरेत्कोआबो़रो़ङ ओनकोवाक् हो़ड़तेत् लाहान्त आर स्वास्थ्य ला़गित् होंजा़रूड़ान गेया। इञ नोआ ओराम रे सेलेत् काते आ़डी गो़रो़ब गेञआटकारेत् काना। इञ हजारीबाग तीरंदाजी संघ रेनको नोआ सफ़लओराम ला़गित्इञ सारहावेत्कोआ आर मेतावाको का़ना़ञ जेखिला़ड़ीको मिमित्आक् गो़ड़ो़ं एमावाकोआ। जेमो़न पो़नो़त आरराष्ट्रीय ता़री रे आबो जिला रेयाक् ञुतुमको रोशन दाड़ेयाक्।सांवते गेय मेन केदा जे आतो टोठा रे हों प्रतिभा रेयाक् जाहांनओ़भाब बा़नुक्आ। जा़रूड़ मेनाक्आ तो़बे बस सही मंच आर उसकुरको रेयाक्। नोडकान ओराम ते बाङ एकेन जुवा़नको उसकुरकोञामेत् काना, बो़रो़ङ टोटा रेयाक् ञुतुम हों रोशन होयोक् काना। इना़ तायो़म विधायक दो़ जितका़रको मोमेंटो़कोयएमावात्कोआ।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो़भगवान महाकाले पूजा़वादेया

**खोबोरिया**

**उज्जैन ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो़ मध्य प्रदेश ते बार माहांकिया़ दाड़ान रेयाक् दोसार दिन ओ़तेमाहां हिलोक् उज्जैन ते सेटेर कातेभगवान महाकालेश्वर मंदिर रे बाबा महाकाल पूजा़ काते दाक्ए दुलादेया। नोआ ओ़पसो़र रे उनी दो़ विश्व सुलुक शांति सांव-सांवते दिसा़म रेन हो़ड़ाक् लाहान्ती ला़गित्ए नेहो़रेना।

रक्षा मंत्री सिंह आर सथल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी दो़ सिंगेमाहां हिलोक् मध्य प्रदेश ते बार माहांकिया़ दाड़ांन रे इंदौर रे मेनाक् महू कैंट तेय सेटेरेना। नोंडे उनी दो़ भारतीय सेना रेयाक् पेनेप्रशिक्षण केंद्र ओ़नमान तायो़म ञिन्दा़ दो़ महू रे गेय जिरा़वेना। दोसार हिलोक् ओ़तेमाहां हिलोक् रक्षा मंत्री आर सेना अध्यक्ष दो़ उज्जैन तेय सेटेरेना। उनी दो़ जो़तो़ खो़न लाहा रे महाकालेश्वर मंदिर ते सेटेर



काते महाकालाक् थुमे हामाव केदा। रक्षा मंत्री आर सेनाअध्यक्ष दो़ गर्भगृह र मोटामुटी 20 मिनट हा़बिच्ए पूजा़ केदा। पूजा़दो़ आसो़ल पुजारी धनश्याम शर्मा होतेते होय एना। राजनाथ सिंह दो़ गर्भगृह रे पूजा़य तायो़म नंदी हाल रे दुड़ुप् काते भगवान महाकाललेका धियाने लागाव केदा। नोआ ताक रे मंत्री सालाक् ते अनिल फ़िरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी आर आयमा पेड़ा महाकालदाक्को दुलादेया। पूजा़य तायो़म कलेक्टर नीरज कुमार सिंह दो़ महाकाल प्रबंध समिति सेच् खो़न पेड़ाकोय आताङ दाराम केत्कोआ। रक्षा मंत्री उज्जैन हेलीपैड रे जनप्रतिनिधिको आताङ दाराम केदेया नोआ खो़न लाहा रे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो़ ओ़तेमाहां हिलोक् महूकैंट रेयाक् वायुसेनाकोवाक् हेलीकाप्टर ते उज्जैन तेय सेटेरेना।नोआ ओ़पसो़र रे पुलिस लाइन रे मेनाक् हेलीपैड रे जनप्रतिनिधि दो़ उनीको आताङ दाराम केदेया। नोआ ओ़पसो़ रे प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फ़िरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, संभागायुक्त संजय गुप्ता,एडीजीपी उमेश जोगा, डीआईजी वननीत भसीन, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, पूर्व मंत्री उषा ठाकुर, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर, उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर सेटेराकाने ताहेंकाना।

# दिसा़म रेयाक् लाहान्ती रे सहकारिता रेयाक् आ़डी माराङएनेम : डीसी



**खोबोरिया**

**रामगढ़।** सहकार खो़न समृद्धि योजना ताला मत्स्यजीवी आर दुग्ध उत्पादक सहयोग समितिको आर क प्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स रे सोमवार हिलोक् जिला समाहरणालय रेयाक् सभागार रे मित् माहांकिया़ कार्यशालाओराम एना। कार्यशाला ओ़कते डीसी चंदन कुमार दो़य मेन केदा जे दिसा़म रेयाक् लाहान्ती रे सहकारिता रेयाक् आ़डी माराङ एनेम मेनाक्। पैक्स होतेते आयमा का़मीक् काना। मेनखान नोआ आर हों रेस एमावाक् ला़गित् क प्यूटराइजेशन आ़डी जा़रूड़ गेया। ताक रे उनी दो़ कार्यशाला रे ताहेंकान जो़तो़को लायाको कान काथा धेयानते आंजो़म आर उसा़रा ते जो़तो़ पैक्स, सहकारी समितिको आर क प्यूटराइजेशन निट बाबो़त रे जा़रूड़ तेयाक्ए हुकुमात्कोआ।कार्यशाला ओ़कते जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार होतेकोला़यात्कोआ जे सहकार खो़न समृद्धि योजना लेकाते तरीका ते जिलारेयाक् जो़तो़ पैक्स दो़ क प्यूराइजेशन होयोक्आ। इना़ तायो़म पैक्सहोते होयोक् जो़तो़ का़मीको आयमा ता़री रे मॉनिटरिंग होयदाड़ेयाक्आ। का़मी प्रणाली रे हों सुधा़रो़क्आ। सांवते गे मत्स्यपालन आर गव्य विकास घालो़क् एटाक् जो़नो़ड़ाव विभाग रेन चा़सीको हों सहकारी समिति रूप रे विकसित आर ओनकोवाक् क प्यूराइजेशनहोयोक्आ। कार्यशाला ओ़कते ताहेंकान पैक्स अध्यक्ष, प्रतिनिधिको, मत्स्य, गव्य सहकारी समितिको पैक्स रेन कंप्यूराइजेशन होते होयोक्का़मीको ला़गित् पीपीटी प्रेजेंटेशन होतेको ला़यात्कोआ। नो़ते जो़तो़को सामाङ का़मीय ओ़कते हिजुक् मुसकिलाक्को हों रेको गालमाराव ओ़कते जा़रूड़ानाक्ए हुकुमात्कोआ।

# रांची रे ढेर ञिन्दा़ चालावेना एंटी क्राइम जांच अभियान

**खोबोरिया**

**रांची।** राजधानी रांची रे नावां बो़छो़र ञेलाते सिंगेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ एंटी क्राइम चेकिंग अभियानको चालाव केदा। कोतवाली डीएसपीप्रकाश सोए सिल्लीयाक् आ़युर रे आयमा थाना रेन पुलिस दो़ मेन रोड़खो़न रातु रोड हा़बिच् सो़ड़ो़क रे ता़ड़ाम तेको पेट्रोलिंग केदा। नोआ ताला रे बार-रेस्टोरेंट सांव-सांवते सो़ड़ो़क रे गा़ड़ीको जांच केदा। नोआ



छाडा निसा़ रे गा़ड़ीको चालावेत्कान हो़ड़ होंको जांच केत्कोआ। आसो़ल काथा दो नोआ काना जे नावां बो़छो़र आताङ दाराम ला़गित् ते गोटा झारखंड रे आयमा लेकानाक् का़मीहोराको ओरामो़क् रेयाक् मेनाक् आकादा। आर से नो़ते, बो़छो़र चाबाक्कान खो़न लाहा रे पिकनिक स्पॉट रे हो़ड़ाक् भीड़ जारवाक् काना। नोआञेलाते पुलिस मु यालय दो़ पो़नो़त रेयाक् जो़तो़ जिलाको रे ञेलजो़ङ हो़ड़ाक् सुरक्षा बाखराय बातलाव आकात्आ।

# बाइक बा़किन सामबड़ावलेत् ते बार हो़ड़किन घा़ल एना

**खोबोरिया**

**हिरणपुर।** थाना टोठा तारी रे रामनाथपुर आतो सोर रे ओ़तेमाहांहिलोक् बाइक दो़ बाङ सांबड़ावलेन ते ओना रेकिन देच् आकान ताहेंन बार हो़ड़ दो़किन घा़ल आकाना। बानार घा़ल आकान हो़ड़ रानओचोकिन ला़गित् ते अस्पताल तेको इदीकेत्किना़। बाडाय ञाम आकानलेका रे मित्टेन बाइक रे देच् कातेक् भवानीपुर आदित्यनगर रेनगिरा़बा़सी इमरान शेख 26 बो़छो़र आर हिरणपुर रेयाक् गनेशपुर आतो





रेन गिरा़बा़सी माइकल सोरेन ताकिन दो़ पाकुड़ तेकिनचालाक्कान ताहेंना जे उन ओ़कते गे बाइक दो़ बा़किन सांबाड़ावलेत्ते गा़डी दो़किन ठो़को़र गेजेर केदा। आर ओनका रे बाइक रेकिन ताहेंकान बानार हो़ड़ दो़किन घा़ल एना। नो़ते खो़बो़र ञाम सांवते गे थाना रेन एएसआई मृत्युंजय कुमार पाठक दो़ ओन्डे सेटेर कातेक् घा़ल आकान बानार हो़ड़ दो़ पुलिस वैन रे देच् कातेक् अस्पताल तेय इदी ओचो केत्किना। डॉक्टर दो़ बानार घा़ल आकान हो़ड़े रान-मुरगा़न केत्किना। नो़ते पुलिस दो़ घा़ल आकान हो़ड़ रेन ओड़ाक् हो़ड़को खो़बो़रात्कोआ। पुलिस दो़ मामला रेयाक्कोजाँच्एत् काना।

# नावां बो़छो़र रा़सका़ मानाव ला़गित् ते हसीन वादिको ताला रे मेनाक्आ पारस दा़रिया़म

**खोबोरिया**

**गुमला।** नावां बो़छो़र रे जुदी आपे पिकनिक मानावपे मेनेत् काना, नो़ते मित् धाव पारस दा़रिया़म ते जा़रूड़ हिजुक् ता़बोनपे नावां बो़छो़र रेयाक् रा़सका़ आर नावां आसे आ़गुयेत् काना, जो़तो़हो़ड़ाक् मो़ने रे ताहेंन काना जे दारायकान नावां बो़छो़र दो़रा़सका़ तेञ सा़गुनकोमा, बो़छो़र रेयाक् नावां पो़रो़ब दो़ जो़तो़ घा़रो़ज ला़गित् ते आ़डी सा़गुन आर रा़सका़ ते मो़ने चेहेच-चेपेलो़क्आ, उन ओ़कते दो़ बिर, बुरू, गाडा, दा़रिया़म आर झारना आड़े जायगा रे पिकनिक ला़गित् ते आर रा़सका़ मानाव दो़ नोआ धा़रती सिरजो़न ताला रे मेनाक् नोआ गुमला जिला रेयाक् भरनो प्रखंड आर बेडो प्रखंड रेयाक् सीमा़ रे मेनाक् पारस दा़रिया़म दो़ नोन्डेनाक् दारे-ना़ड़ी चेड़े-चिपुरूको ते नावां बो़छो़र रे हो़ड़ाक् मो़ने रा़सका़



आचोयेत्कोआ। पारस दा़रिया़म रेयाक्जिया़ड़ गे लिप्टस रेयाक् दारेको ञेल ते आ़डी रा़सकाको आ़ईका़वेत् काना, नोन्डे ञेल जो़ङ हो़ड़ दो़ धा़रती रेयाक्सिरजो़न साव-सांवते पिकनिक मानाव दो़ आ़डी रा़सका़को आ़ईवेत् काना। नोआ आडे-पासे दो़ आ़डी रा़सका़ आ़ईका़क्आ। पारसदा़रिया़म आड़े-आड़े ते लिप्ट्स दारे मेनाक्आ। ओका दो़ ञेलहो़ड़ दो आपनार ते गेको हिजुक् काना। पारस दा़रिया़म रेयाक् मित्टेन आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे नोन्डे साइबेरियन चेंड़ेकोवाक् चेरो़-बेरो आर लेगेम-लेगेम आ़तूक् कान डेम आर नहर रेयाक् दाक् दो़ आ़डी मो़ज ञेलो़क्आ। नोन्डे पिकनिक स्पॉटपारस दा़रिया़म दो़ राजधानी रांची खो़न 42 किलोमीटर सा़गिञ रेमेनाक् गुमला जिला मुखयालय खो़न 50 किलो मीटर सा़गिञ रे आर भरनो प्रखंड मु यालय खो़न 5 किलोमीटर सा़गिञ रे भरनो बेडो बॉर्डर रे मेनाक्आ, पारस दा़रिया़म दो़ नित जिला रेयाक् मित्टेन आसो़ल पिकनिक स्पॉट बेनावाकाना, ओका दो़ दिसंबर खो़न जनवरी, फ़रवरी चान्दो रे नावां बो़छो़र रा़सका़ रे हजार लेखा रे ञेल हो़ड़ दो़राँची, गुमला, बेडो, भरनो, सिसई, लोहरदगा ला़यते आडे-पासे जायगाखो़न आपनार रेन गातेक् आर घा़रो़ज रेन सांवते सेटेर कातेक् पिकनिको मानावेत् काना। निया़ दारायकान नावां बो़छो़र 2025 रे हो़ड़ दो़ आपनार घा़रो़ज रेन हो़ड़ सांवते दाड़ांन आर पिकनिक मानाव ला़गित् ते पारश दा़रिया़म आड़े चालाव कातेक् धा़रतीसिरजा़उ तेको रा़सका़ जोंङ काना, आसोकाय ते 1 जनवरी हिलोक् दो़ नोन्डे हजार-हजार गान हो़ड़ाक् भीड़ ताहेंन काना। पारश दा़रिया़म रेयाक् पिकनिक स्पॉट रे सुरक्षा बेबो़सता पुलिस प्रशासन होतेते नोन्डे हिजुक्कान ञेल हो़ड़ सुरक्षाको ला़गित् ते बेडो़ आर भरनो थाना रेन पुलिस होंको ताड़ाक् आकाना।


**चक्रधरपुर मंडल रे पार्सल एसएसआर आर वीपी दो़ पट्टा साकाम एमावाकिन बाखरा ई-नीलामी खो़बो़र**

**संख्याः सीओएम.18/पार्सल एसएलआर/वीपी/ई-ऑक्शन कैटेलॉग मा़हितः 30.12.2024**

भारत रेन राष्ट्रपति ला़गित् आर उनी सेच् खो़न वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिणॅ पूर्वी रेलवे चक्रधरपुर मंडल रे पार्सल एसएलआर आर वीपी दो़ पट्टा एमावाकिन बाखरा ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ बाबो़त रे ई-नीनामी खो़बो़र रेयाक् मसौदा दो़ सेलेत् आकान मेनाक्आ, ओका दो़ वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** रे जा़रीयाकादा। ई-नीमाली रेयाक् बिवरो़न दो़ नोंका लेका मेनाक्आः **क्रम संख्याः 1। श्रेणीः** पार्सल एसएलआर। कैटेलॉग सं याः पार्सल-एसएआरएस-डीईसी। **ठिका़ रेयाक् सो़मो़यः** 02 बो़छो़र। **नीलामी रेयाक् ता़रीकः** 13.01.2025। **नीलामी एहो़बो़क् रेयाक् सो़मो़यः** सेताक् 11.15 बजे। **नीलामी बों़दो़क् रेयाक् ता़रीकः** 14.01.2025। **नीलामी बों़दो़क् रेयाक् ता़रीकः** 14.01.2025। **नीलामी बों़दो़क् रेयाक् सो़मो़यः** सेताक् 11.40 बजे। **क्रम संख्याः** 2। **श्रेणीः** पार्सल वीपी। **कैटेलॉग संख्याः** पार्सलवीपी-सीकेपी-24। **ठिका़ रेयाक् सो़मो़यः** 02 बो़छो़र। **नीलामी रेयाक् ता़रीकः** 11.01.2025। **नीलामी एहो़बो़क्रेयाक् सो़मो़यः** सेताक् 11.30 बजे। **नीलामी बों़दो़क् रेयाक् ता़रीकः** 11.01.2025। नीलामी बों़दो़क् रेयाक् सो़मो़यः तिकिन 12.00बजे। मो़ने मेनाक् पार्टीको नोआ धियान रे दो़हो़यपे आर का़मीॉ जायगा रेयाक् बानाडाय आर ई-नीलामी खो़बो़र बाबो़त रे बानाडाय ला़गित् दो़ चेतान रे ओ़लाकान वेबसाइट ञेलपे। पूछताछ/पुस्टा़उ, जुदि जाहां लेकानाक् मेनाक्आ, ला़गित् दो़ दाया काते अधोहस्ताक्षरीरी रेयाक् आ़फ़िस सोंगे जोगाजोगपे।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर**

(PR-961)

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुलुच् लान्दाय तुलुच् सेवा

## विवि शिक्षकेतर कर्मियों की हड़ताल जारी, 2 माह से नहीं मिली पगार

# मांगों को सिर्फ जायज कह देने से कुलपति अपनी जिम्मेवारी से मुक्त नहीं होंगे : नेतलाल



**दुमका ब्यूरो**

**दुमका।** 26 नवंबर से शिक्षकेतर कर्मियों की हड़ताल एवं तालाबंदी कार्यक्रम लगातार जारी है और कर्मचारी अपने मांग पर डटे हुए हैं। प्रक्षेत्रीय सचिव नेतलाल मिर्धा ने विश्वविद्यालय प्रशासन को कर्मचारी विरोधी करार किया और कहा कि वर्तमान कुलपति द्वारा हड़ताल तोड़ने की अपील बिल्कुल बचकाना है। क्या उन्हें पता नहीं कि अपनी मांग को बिना पूरी कराए अगर कर्मचारी हड़ताल से वापस लौट जाते हैं तो कर्मचारियों का क्या भविष्य होगा? ÷एक माह से ज्यादा हो गए हमारे हड़ताल का और कुलपति एक भी महाविद्यालय के कर्मचारी के सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण कराने में विफल रहे हैं। जब उन्हें कोई पावर ही नहीं है तो आखिर किस अधिकार के तहत वो हड़ताल तोड़ने की अपील करते हैं। समाचार पत्र के माध्यम से छात्र हित में हड़ताल तोड़ने की उनकी अपील सिर्फ छात्रों एवं आम नागरिकों को गुमराह करने के लिए की जा रही है।

श्री मिर्धा ने आगे कहा कि मांगो को सिर्फ जायज कह देने से कुलपति अपनी जिम्मेवारी से मुक्त नहीं हो जाते, उनका निराकरण करना भी उनकी ही जिम्मेवारी है। उन्हें हमलोंगो के सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण तक उच्च शिक्षा निदेशालय में कैंप करना चाहिए किंतु वो तो उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में व्यस्त हैं। उनकी कर्मचारी विरोधी एवं व्यक्तिगत स्वार्थ की भावना स्वतः परिलक्षित है। इसी क्रम में श्री मिर्धा ने कहा कि पिछले दो महीनों का वेतन नहीं मिलने के बावजूद भी सभी कर्मचारियों का हौसला बुलंद है और मांग पूरा होने तक हड़ताल समाप्त नहीं किया जाएगा।

प्रक्षेत्रीय महासंघ के अध्यक्ष परिमल कुंदन ने कहा कि पिछले 35 वर्षों से हमें प्रोन्नति नहीं दी गई, हमें दिए जा रहे एसीपी एमएसीपी के लाभ को काट लिया गया, प्रतिनियुक्ति भत्ता नहीं दिया जाता है यहां तक कि 2016 से प्रभावी सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान भी नहीं किया जा रहा है तो हम कर्मचारियों के पास हड़ताल एवं तालाबंदी के सिवाय कोई विकल्प भी नहीं है। ÷अगर काम नहीं तो वेतन नहीं का नियम है तो वेतन नहीं तो काम नहीं का नियम भी होना चाहिए।

# यूजी सेम-6 का रिजल्ट शीघ्र प्रकाशित करने को लेकर कुलपति ने की बैठक

## कहा-प्रैक्टिकल परीक्षा सम्बद्ध कॉलेजों में की जाएगी

**● मधुपर वार्षिक पत्रिका का कुलपति ने किया विमोचन**



**संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति को लेकर सोमवार को कुलपति के आवासीय कार्यालय में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, डीन एवं विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों की बैठक सोमवार को बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने की। उक्त बैठक में यूजी सेमेस्टर-6 का रिजल्ट शीघ्र प्रकाशित करने को लेकर चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि जिन विद्यार्थियों की आंतरिक परीक्षा नहीं हो पाई है, उनकी आंतरिक परीक्षा ऑनलाइन ली जाए तथा प्रायोगिक परीक्षा संबद्ध महाविद्यालयों में ली जाए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार शाह ने बताया कि लगभग सभी कॉलेजों में आंतरिक परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं और केवल कुछ विद्यार्थियों की आंतरिक परीक्षाएं शेष हैं। ज्ञात हो कि शिक्षकेतर कर्मचारियों की हड़ताल एवं तालाबंदी के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए दुमका के महारो स्थित संत जेवियर्स कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाकर यूजी सेमेस्टर-6 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जा रहा है तथा विश्वविद्यालय परीक्षा ओएसडी डॉ. इंद्रनील मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण में है। इसमें विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में रिजल्ट प्रकाशित करने की पहल सराहनीय है, क्योंकि इससे न सिर्फ पीजी में नामांकन का रास्ता साफ होगा बल्कि यूजी उत्तीर्ण करने के बाद छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का फॉर्म भी भर सकेंगे। बैठक में राज्यपाल सचिवालय द्वारा वर्ष 2025 के लिए भेजी गई छुट्टियों की सूची पर भी चर्चा की गई तथा कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह द्वारा पूछे जाने पर उपस्थित सदस्यों ने आवश्यक प्रतिबंधित छुट्टियों पर अपनी राय व्यक्त की।

मधुपुर महाविद्यालय से प्रकाशित मधुप वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। उक्त पत्रिका के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह हैं। प्रधान संपादक मधुपुर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रंजीत कुमार हैं तथा संपादक मंडल में मधुपुर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक शामिल हैं।

## शिक्षक संघ ने विधायक प्रदीप को मांग पत्र सौंपा



**दुमका ।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य अध्यक्ष दिवाकर महतो के नेतृत्व में दुमका जिला इकाई एवं गोड्डा जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा पोड़ैयाहाट विधानसभा के विधायक प्रदीप कुमार यादव के आवास में उनका स्वागत सह अभिनंदन किया गया। शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल चार सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा। जिसमें सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के वेतन की प्रोन्नति के लिए निर्गत आदेश 1726 को निरस्त करके सभी कोटि के माध्यमिक के शिक्षकों को एमश एश सीश पीश की प्रोनोति ।सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के पद प्रोन्नति (प्रधानाध्यापक) के लिए निर्गत संशोधन 355 को निरस्त करते हुए वरीयता सह मेघाक्रम में 50त्न प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति एवं 50त्न शिक्षण अनुभव के आधार पर सीधी भर्ती ।सभी कोटि के उच्च विद्यालय में पुस्तकालय के संचालन हेतु लाइब्रेरियन एवं विद्यालय में रात्रि प्रहरी का पद सृजन एवं नियुक्ति ।अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षकों को सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के समान सभी सुविधाएं (योगदान की तिथि से भुगतान जी0पी0एफ0 की सुविधा, यातायात भत्ता)। का निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर दुमका जिला के सेवानिवृत शिक्षक श्री बैद्यनाथ सिंह,परीक्षा सचिव काशीनाथ महतो, सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद मशगूल अंसारी, परीक्षा अध्यक्ष जुलकर अंसारी एवं गोड्डा जिला के जिला अध्यक्ष शम्स परवेज, जिला सचिव आशुतोष पांडे,अवध ठाकुर , अशोक कुमार,मु0जहीर ,नीरज सिंह,अजय पोद्दार,मु0इम्तियाज, अब्दुल बारी,कुंदन कुमार, दाऊद आलम, डॉक्टर सुमन कुमार,सरोज यादव, रामाकांत सिंह,एवं गोड्डा जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड स्तर के पदाधिकारी गण तथा अन्य सभी सक्रिय सदस्य गण उपस्थित थे।

## ट्रेलर ने तीन को रौंदा, एक की मौत,दो घायल

**जामा।** थाना क्षेत्र के दुमका-फतेहपुर मुख्य मार्ग निश्चितपुर पुल के समीप एक तेज रफ्तार ट्रैलर ने बाईक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। घटना में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जामा थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक एवं घायलों को फुलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका लाया। मृतक की पहचान सुफल टुडू उम्र 28 वर्षीय बताया जा रहा है। वहीं घायल युवक हेमशल मुर्म एवं एक अन्य दोनों मसलिया थाना क्षेत्र के मडरायडीह गांव के बताए जा रहे है।

## वार्षिक खेलकूद को लेकर हुई विभिन्न प्रतियोगिता



**रानीश्वर ।** भारत सेवाश्रम संघ पाथरा के स्टेडियम में वार्षिक खेलकूद का दूसरा दिन सोमवार को विभिन्न प्रतिस्पर्धा की प्रतियोगिता हुई । भारत सेवाश्रम संघ, स्वामी प्रणवानंद विद्या मंदिर, पाथरा में प्रतिस्पर्धा ग्रुप॒ 200मीटर दौड़, ग्रुप क्क शॉटफुट, ग्रुप क्क लम्बी कूद, ग्रुप ष्ट 100 दौड़, ग्रुप ष्ठ गणित दौड़, ग्रुप श्व 100 मीटर दौड़, ग्रुप ष्ट लम्बी कूद, ग्रुप क्क जेवलीन थ्रो (भाला फेंक )ग्रुप त्न 50मीटर दौड़, ग्रुप ष्ठ ऊँची कूद की प्रतियोगिता हुई है।

## आंगनबाड़ी भवन निर्माण का विरोध



**रानीश्वर ।** बाँसकुली गांव के अशोक गोराई ने उनके जमाबंदी जमीन पर आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण पर रोक लगा दिया है ।मौजा बाँसकुली के जमाबंदी संख्या 168 के दाग संख्या 1165 जिसका रकवा 15 कट्ठा 7धूल है। ।उस जमीन पर पूर्व में आंगनबाड़ी का भवन बना था ।भवन जर्जर होने के कारण यहां नया भवन का निर्माण करने के लिये संवेदक ने जेसीबी मशीन से पुराना भवन को धराशायी कर दिया है ।अशोक ने संवेदक को दाग संख्या1165 में निर्माण कराने मना कर दिया है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर चला वाहन जांच अभियान



**गोपीकांदर।** पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खरवार के निर्देश पर नववर्ष के उपलक्ष में सड़क सुरक्षा के तहत सोमवार को गोपीकांदर थाना गेट के पास गोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाइवे पर थाना प्रभारी रंजीत मंडल के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें आवाजाही करने वाले वाहनों की हेलपेट, ड्राईवरी लाईसेंस, सीट बेल्ट, वाहन की कागजात आदि की जांच की गई। साथ ही यातायात नियमों की उलंघन करके वाले वाहनों की चलान कटा गया। इस मौके पर एसआई धरमल मांझी, ब्रिज मोहन सिंह, पाइसिल किस्कू, सुरज कुमार टुडू सहित अन्य जवान मौजूद थे।

## मवेशी चोरी का मामला पहुंचा थाना

**सरैयाहाट।** थाना क्षेत्र के पड़पहरा गांव में मवेशी चोरी का मामला सामने आया है। गाँव की ज्योति कुमारी ने सरैयाहाट थाना में आवेदन देकर बताई है कि रोजाना की तरह वे और उसके पति गांव स्थित अपने गौशाला में मवेशियों को चारा देकर घर लौट आए थे। रात करीब बारह बजे वे वापस अपने गौशाला मवेशियों को देखने आई तो सामने की गेट का दरवाजा खुला हुआ था। जब वे अंदर गई तो उसके दो दुधारू गाय, आठ अलग नस्ल की बकरियां गायब थी। जिसके बाद आस पास के लोगों को बुला उनसे पूछताछ की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मामले को लेकर सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि आवेदन के आधार पर पुलिस अनुसंधान कर रही है।

# वाहन जांच अभियान में दो वाहन ड्रिंक एंड ड्राइव में जब्त

## बिना कागजात वाहनों से कुल 1 लाख 25 हजार रूपये दण्ड की वसूली



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** जिला परिवहन पदाधिकारी जय प्रकाश करमाली एवं जामा थाना प्रभारी ने सोमवार को महारो में सभी वाहनों का कागजात एवं वाहन चालक का शराब जांच किया गया। जिसमें दो वाहन को ड्रिंक एंड ड्राइव में जप्त किया गया एवं बिना कागजात वाहनों से कुल एक लाख पच्चीस हजार रूपये दण्ड शुल्क वसूल किया गई।

जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा वाहन चलाने के सही नियम एवं तरीके बताया गया।

**1.हेलमेट सबसे पहले :** जब आप बाइक चलाएं या दोपहिया वाहन पर बैठें तो हमेशा हेलमेट पहनें।

**2.धीमी गति से चलें :** बहुत तेज न चलें, गति सीमा के संकेतों का पालन करें और सुरक्षित गति से वाहन चलाएं।

**3.यातायात के नियमों का पालन करें :** हमेशा ट्रैफिक सिग्नल को याद रखें। लाल का मतलब है रुकें, हरा का मतलब है चलें, और पीला का मतलब है धीमा चलें।

**4.मोबाइल फोन का प्रयोग न करें :** वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।

**5.सीट बेल्ट पहनें :** यदि आप कार में हैं, तो हमेशा सीट बेल्ट पहनें, यह हमेशा सुरक्षित है।

**6.सड़क पर ध्यान केंद्रित करें :** जब आप गाड़ी चला रहे हों, तो आपकी आंखें और दिमाग सड़क पर होना चाहिए, और केंद्रित रहना चाहिए।


**7.दूरी बनाए रखें :** हमेशा अपने वाहन के पीछे और आगे सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

**8.शराब पीकर वाहन न चलाएं :** जब आप बड़े हो जाएं और वाहन चलाना शुरू करें, तो याद रखें कि कभी भी शराब पीकर वाहन न चलाएं, यह खतरनाक है।

**09. चतुराई से चलें :** जब आप सड़क पर चल रहे हों, तो अनुशासित रहें, एक लेन में चलें, और सड़क पार करने से पहले दोनों तरफ देखें।

# आधा अधूरा चैक डैम बना कर छोड़ दिया, विभाग के अधिकारी बेखबर

## कार्यस्थल पर बोर्ड नहीं, बिना बोर्ड का किया गया है कार्य



**संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा (दुमका)।** शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के अंतिम सीमा ढेबाडीह गांव और दुमका सदर प्रखंड के चिरुडीह गांव के अंतिम छोर पर एक बड़ा चेक डैम का निर्माण किया गया है जिसको आधा अधूरा बना कर छोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है,विभाग के अधिकारी बेखबर। सूत्रों से पता चला है कि इस चैक डैम में घटिया किस्म का लोकल पत्थर और बालू का उपयोग किया गया है आपको बताते चलें कि चेक डैम का निर्माण कार्य जिस जगह पर किया गया है न हीं इस कार्यस्थल पर किसी प्रकार का कोई बोर्ड लगाया गया है।सरकार के नियमों को धज्जियां उड़ाई गई हैं। जिससे साफ पता चलता है इस चैक डैम में काफी अनियमत्तिता बरती गई है, और कार्य को आधा अधूरा कर छोड़ दिया गया है। सूत्र यह बताते है कि इस चेक डैम का संपादक दुमका के रहने वाले है,शुरू शुरू में कार्य पूरा जोर शोर से किया जा रहा था, सरकार लाखों, करोड़ो रुपया खर्च कर के योजना धरातल पर देती है की अच्छा कार्य हो,सही से कार्य हो,प्राक्कलन राशि के अनुसार कार्य हो, लेकिन विभाग के आला अधिकारियों और भ्रष्ट संवेदक की मिली भगत से कार्य जैसे तैसे कर संपूर्ण राशि का बंदर बांट कर जेब गर्म कर लेते हैं। सरकार इस चैक डैम किसानों हित के लिए सुविधा का प्रबंध हो और पानी पटवन कर खेती-बाड़ी करें। लेकिन चैक डैम अपने ही कार्य पर दुर्दशा की आंसू बहाते हुए दिख रहा है। कुछ भ्रष्ट संवेदक की वजह से ऐसा कार्य धरातल पर देखने को मिलता है। चैक डैम नहीं बनने से किसानो का देखा हुआ सपना अधूरा रह गया। इस पर निष्पक्षता पूर्वक जांच करने से एक बड़ा घटोला सामने आ सकती है।

## छोटा कांति बालू घाट से बालू डंपिंग को लेकर जमकर राजनीति

**ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता बरतने व बालू तस्करी का आरोप**

**संवाददाता**

**रानीश्वर(दुमका) ।** मयूराक्षी नदी के छोटा कांति नदी घाट से बालू का उठाव कर मौजा पड़ीहारपुर के दाग संख्या 937 एवं 938 में डंपिंग किया जा रहा है। ज्ञात हो कि लेशी परमेश्वर कापरी ने 15 दिसम्बर को दुमका सांसद नलिन सोरेन से बालू घाट का उद्घाटन कराया था। झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के अधीन बालू उठाव कर स्टाक को लेकर श्री कापरी को माईन डेवलपर बनाया गया हैं। उधर भाजपा के रघुनाथ दत्त, रूद्र नाथ गोराई, गट्टू कनानीया, बबलू दत्त एवं निताई भंडारी ने मुख्य सचिव झारखंड सरकार को आवेदन देकर छोटा कांति घाट से बालू उठाव में डंपिंग करने में अनियमितता बरतने एवं नियम विरुद्ध पश्चिम बंगाल ले जाकर तस्करी करने का आरोप लगाया हैं। मामले में अंचल अधिकारी शादां नुसरत से प्रतिक्रिया जानने पर बताया कि शिकाय पत्र मिला हैं।जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनायी गयी हैं। थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत आवेदन में लिखा हैं कि देर रात यहां से बालू बंगाल भेजा जाता हैं। डंपिंग यार्ड से बालू बंगाल दुमका-सिउड़ी एवं आमजोड़ा - सिउड़ी पथ पर भेजने के लिए दिगुली एवं महेश खाला स्थित चेकनाका होकर जाना पड़ता हैं। शिकायतकर्ता द्वारा आवेदन में लगाया गया आरोप निराधार हैं। वही आवेदन देने वाले ग्रामीणों का कहना है कि झारखंड सरकार ने छोटा कांति बालू घाट की नीलामी झारखंड में होने वाले निर्माण कार्य एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया है ना कि पश्चिम बंगाल में तस्करी करने के लिए। यहां बालू माफिया द्वारा रात के अंधेरे में बालू की तस्करी की जा रही है। डंपिंग यार्ड से बालू पश्चिम बंगाल भेजा जा रहा है।

## रसोइया व सहायिका का ऑनलाइन प्रतिवेदन अपलोड करें : डीसी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** जिला उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने विद्यालयों में भेजे गये ग्रांट की राशि का शत-प्रतिशत व्यय, पोषाक का वितरण, डायस में नामांकन, जो छात्रों का सरकारी विद्यालयों में फर्जी नामांकन है तो चिन्हित कर अविलम्ब हटाने का निदेश दिया गया। समग्र शिक्षा अभियान एवं जिला साक्षरता समिति के अन्तर्गत नवभारत साक्षरता कार्यकम से संबंधित विभागीय निदेशानुसार कार्य करने का एवं अपार कार्यक्रम के तहत सभी छात्रों को जोड़ने का निदेश दिया गया। इसी क्रम में मध्याह्न भोजन योजनान्तर्ग कार्यरत रसोईया-सह-सहायिका का ऑन लाईन प्रतिवेदन एक सप्ताह के अन्दर अपलोड करने एवं सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करने का निदेश दिया गया।

## डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा



**दुमका।** एसकेएमयू विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। कुलपति के आवासीय कार्यालय में आयोजित इस शोक सभा में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, विभिन्न संकायों के डीन और विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और देश के लिए उनके द्वारा की गई सेवाओं को याद किया। इस मौके पर विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेन्द्र यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार साह, वित्त पदाधिकारी डॉ बिजय कुमार, डॉ अब्दुस सत्तार, डॉ डीएन गोराय, डॉ शम्स तबरेज खान, डॉ धनंजय मिश्रा, डॉ कलानंद ठाकुर, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ संतोष कुमार शील, डॉ राजीव रंजन सिन्हा, डॉ खिरोधर यादव, डॉ राजेश कुमार यादव, डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ ज़ियाउल हक, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ इंद्रजीत, डॉ संजय कुमार सिन्हा, डॉ इंद्रनील मंडल, डॉ बिनय कुमार सिन्हा, डॉ संजय कुमार सिंह,डॉ पूनम हेम्ब्रम व दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## देशी तमंचा के साथ धराए युवक को जेल भेजा गया



**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत नीचे बाजार में देशी तमंचे के साथ पकड़े गए युवक को को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। बता दें रविवार को जरमुंडी नीचे बाजार में एक बाइक गैरेज के समीप एक संदिग्ध युवक को स्थानीय ग्रामीणों ने देशी तमंचे के साथ पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। पकड़ाए गए युवक का नाम मुकेश राय है। जो ग्राम खैराबांध, थाना जरमुंडी का रहनेवाला है। वह रविवार को जरमुंडी बाजार में एक मोटरसाइकिल मिस्त्री के पास बाइक मरम्मत करवा रहा था। इसी दौरान वहां कुछ अन्य युवक पहुंचे और बाइक चोर के संदेह पर उक्त युवक को धर दबोचा। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा मिला। इस संदर्भ में लोगों ने जरमुंडी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उस युवक को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने उक्त युवक के पास से एक देशी कट्टा एवं एक बाइक बरामद किया है। पुलिस के अनुसार युवक के पास से बरामद बाइक भी चोरी की लग रही है जिसकी जांच की जा रही है। यहां बता दें कि बीते दिनों जरमुंडी थाना क्षेत्र के विभिन्न हाट बाजारों से बाइक चोरी की कई घटनाएं घट चुकी है। इससे लोग काफी परेशान हैं। पकड़ाए गए युवक से पुलिस को काफी जानकारी मिली है। इसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस प्रयास कर रही है।

## नववर्ष पर होने वाली भीड़ को लेकर बासुकीनाथ मंदिर प्रशासन सतर्क



**जरमुंडी ।** हर साल की तरह खीस्त नववर्ष पर बासुकीनाथ मंदिर में भीड़ उमड़ने की संभावना को लेकर मंदिर न्यास के पदेन सचिव सह एसडीओ कौशल किशोर ने पंडा पुरोहितों के साथ सोमवार को एक बैठक की। बासुकीनाथ मंदिर के प्रशासनिक सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में अनुमंडलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर पंडा पुरोहितों से विन्दुवार विचार विमर्श किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को नये साल में सुरक्षित पूजा अर्चना कराने को लेकर विधि व्यवस्था को महत्वपूर्ण बताया। अनुमंडलाधिकारी ने श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करने तथा संस्कार मंडप बेरिकेटिंग से मंदिर परिसर में भक्तों को पूजा कराने की बात कही। एसडीओ ने कहा कि मंदिर में आनेवाले श्रद्धालुओं को पूजा कराने के साथ-साथ बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराना मंदिर प्रबंधन का दायित्व है। उन्होंने स्थानीय पंडा पुरोहितों से सहयोग के लिए अपील भी किया। बैठक में मुख्य रूप से मंदिर न्यास पर्षद सदस्य सह पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद, न्यास पर्षद सदस्य कुंदन पत्रलेख, जरमुंडी एसडीपीओ अमित कच्छप, सीओ संजय कुमार, बीडीओ कुंदन भगत, पुलिस निरीक्षक श्यामांनद मंडल, मनोज पंडा, संजय झा, कुंदन झा, उज्जवल झा आदि मौजूद थे।

## दलित पिछड़ा संघर्ष मोर्चा ने चलाया जन जागरण अभियान



**जरमुंडी ।** संथालपरगना दलित, पिछड़ा संघर्ष मोर्चा के अगुवाई मे विभिन्न गावों में शिक्षा, स्वास्थ्य और मौलिक अधिकारों की जानकारी को लेकर समाजिक जनजागरण अभियान चलाया गया। जनजागरण अभियान हेतु सामाजिक कार्यकर्त्ता संजय असंगा के नेतृत्व में जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों राजाबाजार, महुबना, भादवारी, बेलटिकरी, बैगनथारा, बांधडीह आदि गावों का दौरा किया गया। इस मौके पर जगह -जगह सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के सहायक प्रोफेसर डॉ. सत्यम कुमार मेहरा ने लोगों को संविधान में प्रदत मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज के लोगों में जागरूकता की भारी कमी है। इसका मुख्य कारण समाज में व्याप्त अशिक्षा है। इसके कारण कहीं ना कहीं लोग बेरोजगार व असंगठित है। असंगठित होने के कारण लोगो को हक और अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। राजनीतिक दलों के नेता हमारे बिखरे समाज के लोगों का फायदा उठा कर वोट तो लेते है पर हक और अधिकार की ज़ब बात आती है तब मुंह मोड़ लेते है। इसलिए जरूरत है संगठित होकर बाल बच्चो को शिक्षित बनाने की। उन्होंने कहा कि कम खाओ लेकिन बच्चो को शिक्षित करो, तभी सर्वांगीण विकास होगा। मौके पर सागर मिर्धा, डॉ.मिथुन दास, अधिवक्ता रविशंकर दास, योग शिक्षक शम्भू रजक, योगेंद्र कुमार, राजकुमार दास, महादेव दास, पलटू दास, ज्ञानी दास, कृष्णा दास आदि अन्य मौजूद थे।